
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 286 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें उस धन से कोई मतलब नहीं, जो हमारे सुखमय जीवन को दुखमय बना दे।

We have no concern with such a wealth which turns our joyful life into sorrowful one.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री मोदी की अपील

## राजनीति से ऊपर उठकर लें ऐतिहासिक फैसला

**नई दिल्ली।** संसद में एक महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसे क्षण बार-बार नहीं आते। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अवसर केवल एक विधेयक पारित करने का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को मदर ऑफडेमोक्रेसी कहा जाता है और हजारों वर्षों की लोकतांत्रिक परंपरा में यह एक नया आयाम जोड़ने का समय है। उन्होंने माना कि यह कदम 25-30 साल पहले उठाया जाना चाहिए था, जिससे यह व्यवस्था अब तक और परिपक्व हो चुकी होती।



उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का मतलब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर या आर्थिक आंकड़े नहीं हैं, बल्कि नीति-निर्धारण में सभी की समान भागीदारी जरूरी है। देश की 50त्न आबादी को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीति के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विषय पूरे देश और समाज से जुड़ा है, इसलिए सभी दलों को एकजुट होकर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 25-30 वर्षों में पंचायत स्तर पर महिलाओं की मजबूत नेतृत्व क्षमता विकसित हुई है। लाखों महिलाएं स्थानीय निकायों में काम कर चुकी हैं और अब वे नीति-निर्धारण में भागीदारी चाहती हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं को 33त्न आरक्षण देकर उन पर भरोसा किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को खुद यह तय करने का अवसर मिलना चाहिए कि प्रतिनिधित्व कैसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपने सामाजिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान की शक्ति के कारण ही वे इस पद तक पहुंचे हैं। उनका दायित्व है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

## परिसीमन के बाद दक्षिण भारतीय राज्यों की सीटों में कटौती नहीं होगी



- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान कही

**नईदिल्ली।** अमित शाह ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि परिसीमन के बाद किसी भी दक्षिणी राज्य की लोकसभा सीटें कम नहीं होंगीनया परिसीमन तभी लागू होगा जब संसद और राष्ट्रपति इसकी मंजूरी देंगे, यह संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया हैजाति जनगणना का दूसरा चरण शुरू होगा जिसमें मकान और बिल्डिंग की गणना के बाद जाति का डेटा एकत्र किया जाएगा। महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अपनी बात रखी. उन्होंने साफ किया कि परिसीमन के बाद किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी. उन्होंने कहा कि यह भ्रांति फैलाई जा रही है कि जो तीन विधेयक आ रहे हैं उनसे दक्षिण भारत की सीटों की संख्या कम हो जाएगी. गृहमंत्री ने यह भी बताया कि परिसीमन के बाद किस राज्य में कितनी सीटें हो जाएंगी.

संसद के विशेष सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों में प्रतिनिधित्व घटने की आशंकाओं पर जवाब दिया. लोकसभा में बोलते हुए उन्होंने संभावित आंकड़े पेश किए और कहा कि प्रस्तावित ढांचे में किसी भी क्षेत्र को नुकसान नहीं होगा. अमित शाह के अनुसार, कर्नाटक में लोकसभा सीटें 28 से बढ़कर 42 हो सकती हैं।

## छत्तीसगढ़ में भीषण-गर्मी के चलते स्कूलों की छुट्टियां

- 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश, 1 मई से शुरू होना था
- बढ़ते तापमान को देखते सरकार का फैसला




**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने स्कूलों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की तारीख में बदलाव किया है। अब प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त और अशासकीय स्कूलों में 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवकाश रहेगा। इससे पहले विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 22 सितंबर 2025 के तहत 1 मई 2026 से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन वर्तमान में पड़ रही तेज गर्मी और लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश केवल छात्रों के लिए लागू होगा। शिक्षकों के लिए अवकाश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही, पूर्व में जारी आदेश की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

## बंगाल में घुसपैठ पर सीएम हिमंत का बड़ा हमला बोले- टीएमसी की वजह से बार्डर सुरक्षित नहीं है

**गुवाहाटी।** एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा-शासित राज्यों में बंगाल के लोगों को 'तकलीफ़ और अपमान' का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बंगाल की संस्कृति और विविधता को मिटाकर एकरूपता थोपने की कोशिशें की जा रही हैं। मुझे यह देखकर बहुत दुख होता है कि 'बांग्ला-विरोधी' भाजपा उन पर किस तरह का दुख और अपमान थोप रही है।



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को आने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का पूरा भरोसा जताया। उन्होंने टीएमसी सरकार पर राज्य में घुसपैठियों को घुसने देने का आरोप भी लगाया। एक जनसभा में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में घुसने से रोकने के लिए सीमाओं पर बाड़ लगाना ज़रूरी है।

## सारंडा में मुठभेड़ जारी: नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान हुआ घायल

**रांची।** सारंडा में बुधवार से जारी सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. गुरुवार को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी विस्फोट किया है. इस विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है. घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है. सारंडा में नक्सलियों ने गुरुवार को सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी ब्लास्ट किया है. इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान अभिनव कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं. चाईबासा एसपी अमित रेनू ने बताया कि अभियान के दौरान ही जंगल में एक ब्लास्ट हुआ है. जिसमें कोबरा के जवान घायल हुए हैं. उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा जा रहा है.

## योगी आदित्यनाथ का दावा- यूपी मॉडल से सुधरेगी बंगाल की स्थिति

**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में जोरदार हुंकार भरी। उन्होंने बाराबनी, रामपुरहाट और बोलपुर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं करते हुए कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। सीएम योगी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडों और माफियाओं से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने पर यही लोग



जनता की चाटुकारिता करते नजर आएंगे और सड़कों पर झाड़ू लगाते दिखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कार्यक्रम के दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं ने लोगों को परेशान किया और सभा रोकने के लिए भाजपा के झंडे उखाड़ने की कोशिश की। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने और राज्य में बदलाव लाने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीएमसी आज आतंक, माफियाराज और भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सैंड, कोयला और जमीन माफिया सक्रिय हैं और केंद्र की योजनाओं का पैसा भी जनता तक नहीं पहुंच पाता। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति भी खराब थी।

## एयर फोर्स में आधुनिक सिम्युलेटर शामिल नेविगेटर्स की तैयारी को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एस. श्रीनिवास ने गुरुवार को एयर फोर्स स्टेशन बेगमपेट स्थित नेविगेशन ट्रेनिंग स्कूल में स्वदेशी रूप से विकसित 'एनएवीएसआईएम' सिम्युलेटर का उद्घाटन किया। यह सिम्युलेटर पूरी तरह भारत में विकसित किया गया है। इसमें अत्याधुनिक ग्राफिक्स का उपयोग किया गया है, जो प्रशिक्षण को अधिक यथार्थ और प्रभावी बनाते हैं। 'एनएवीएसआईएम' विशेष रूप से रात्रि अभियानों और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों के प्रशिक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। इस सिम्युलेटर में कई जटिल आपातकालीन परिदृश्य शामिल किए गए हैं, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों के करीब अनुभव मिलता है। इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार होगा। नए सिम्युलेटर के शामिल होने से वायुसेना के नेविगेटर्स और वेपन सिस्टम ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण और मजबूत होगा। अब वे वास्तविक उड़ान से पहले ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उनकी तैयारी और दक्षता में वृद्धि होगी। उद्घाटन के दौरान एयर मार्शल श्रीनिवास ने कहा कि यह सिम्युलेटर भारतीय वायुसेना की बढ़ती ऑपरेशनल जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग कमांड स्वदेशी क्षमता निर्माण को प्राथमिकता दे रहा है, जिससे लागत में कमी और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय वायुसेना का नेविगेशन ट्रेनिंग स्कूल, बेगमपेट एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र है, जहां नेविगेटर्स और वेपन सिस्टम ऑपरेटर्स को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

## अमेरिका बोला-ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी

### रक्षा मंत्री ने कहा- हमारी सेना तैयार, राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश का इंतजार कर रहे




**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। हेगसेथ ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं। इनमें ज्यादातर जहाज नाकाबंदी सीमा के अंदर पहुंचकर लौटे, जबकि एक पहले ही रास्ता बदल गया।

## सीएम विष्णुदेव साय ने कचहरी चौक स्थित एसबीआई के नये भवन का किया शुभारंभ, आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से मिलेगा लाभ


**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की कचहरी शाखा के नवीन एवं अत्याधुनिक परिसर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रभाष कुमार सुबुद्धि, उप महाप्रबंधक श्री रमेश सिन्हा, प्रबंधक श्री अनिल यादव सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष और सौभाग्य का विषय है कि पिछले 50 वर्षों से संचालित एसबीआई की कचहरी शाखा अब नए आधुनिक भवन में स्थानांतरित होकर ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस नए परिसर में उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनके कार्य और अधिक सहज और त्वरित होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैंकिंग व्यवस्था को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन कर रहा है और आगे भी ग्राहकों की सेवा में इसी तरह अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शाखा के अधिकारियों और ग्राहकों को शुभारंभ की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि एसबीआई की कचहरी शाखा ने हाल ही में अपनी सेवाओं के 50 वर्ष पूर्ण किए हैं। ग्राहकों को बेहतर, सुविधाजनक और उन्नत बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शाखा को पंडरी रोड स्थित आक्सीजोन क्षेत्र में नए परिसर में स्थानांतरित किया गया है, जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा।






## राजनांदगांव में 136 नई सहकारी समितियों की शुरुआत

### किसानों को खाद-बीज और ऋण में मिलेगी सुविधा



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** जिले में सहकारिता ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से 136 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का शुभारंभ किया गया है। इस निर्णय से जिले के 620 गांवों के लगभग 97,305 किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। अब किसानों को खाद, बीज और ऋण जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अंजोरा में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किसानों ने वर्चुअल माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से संवाद किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल की पहल पर यह सीधा संवाद संभव हो पाया। किसानों ने नई समितियों के गठन के लिए डॉ. सिंह का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह फैसला उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सालों से किसान बड़ी समितियों के कारण भीड़भाड़ और दूरी से परेशान थे, लेकिन अब उनके समय और धन दोनों की बचत होगी।

## पेवर ब्लॉक लगाने महापौर ने किया भूमिपूजन

**रिसाली (विश्व परिवार)।** महापौर शशि सिन्हा की निधि से वार्ड 29 लक्ष्मी नगर स्थित सतनाम भवन परिसर में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस कार्य के महापौर ने अपने निधि से 1 लाख 50 हजार की स्वीकृत की है। उन्होंने इस कार्य के लिए गुरूवार को भूमिपूजन किया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर वे कार्य स्वीकृत कर रही है और विकास कार्य को मूर्त रूप देने भूमिपूजन भी साथ ही साथ कर रही है।



भूमिपूजन कार्यक्रम में एम आई सी संजू नेताम समेत समाज के वरिष्ठ नागरिक और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निगम ने तालाबों से निकले कचरे को उठाने का कार्य जारी

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई के ज़ोन क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी से खमरिया तक नहर की व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नहर से निकले कचरे को जेसीबी एवं डंपर के माध्यम से व्यवस्थित रूप से उठाया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्य निरंतर किया जा रहा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और गंदगी के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। नहर की सफाई से आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण भी सुनिश्चित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से इस प्रकार के सफाई कार्य कराए जाएंगे, ताकि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./30352/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30352
वार्ड का नाम-17 - ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR109D00245 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AHMED ALI, MEHTAB ALI पिता/पति श्री/श्रीमती ABDUL WAHID के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RAJENDRA PRASAD पिता/पति श्री/श्रीमती S/O RAM JIYAVAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
पांचवॉ तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पूर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- 1 em-zone2@yahoo.com

// आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन / भूखण्ड को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है. फ्री-होल्ड संपरिवर्तन निम्नानुसार किया जाना है :

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1. | श्री अमितेश शुक्ल | स्व. श्री श्यामाचरण शुक्ल | विशेष आवासीय योजना धरमपुरा, रायपुर | PLOT NO . 11 |

अत: इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर



**कार्यालय नगर पंचायत उतई जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक /109/न.प./निविदा/2026-27 उतई दिनांक: 16/04/2026

// ई-प्रोक्यूमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 189018 | वार्ड क्र. 04 मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण कार्य। | 50.00 | 08/05/2026 |

धरोहर राशि, विस्तृत निविदा उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य सेवा शर्ते, दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत उतई एवं ई-प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल http//cgeproc.cgstate.gov.in व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकार
नगर पंचायत उतई

अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें


## धमधा में महिला पर सूदखोरी-चेक दुरुपयोग का केस

■ 20 हजार के कर्ज पर 1 लाख का खेल



दुर्ग-भिलाई। दुर्ग जिले के धमधा क्षेत्र में सूदखोरी और चेक के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। पुलिस ने गंडई निवासी शोभा केशकर उर्फनिशा (47) के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन पर मुसलमान पारा निवासी शहनाज बेगम (44) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। शहनाज बेगम ने नवंबर 2023 में शोभा केशकर से 20 हजार रुपए उधार लिए थे। यह लेन-देन 10 प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर हुआ था। सुरक्षा के तौर पर शहनाज ने बैंक ऑफ बड़ौदा का एक कोरा चेक भी आरोपी को सौंपा था। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने करीब 9 महीने तक हर माह 2000 रुपए ब्याज के रूप में चुकाए। इस तरह मूल रकम से कहीं अधिक राशि चुकाने के बावजूद उनका कर्ज खत्म नहीं हुआ। आर्थिक तंगी के कारण जब शहनाज कुछ महीनों तक ब्याज नहीं दे पाई, तो आरोपी ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।जनवरी 2025 में शहनाज के भाई सादिक रजा ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने 25 हजार रुपए में पूरा लेन-देन खत्म करने की बात तय करवाई। पीड़िता ने कुल मिलाकर लगभग 43 हजार रुपए चुका दिए। इसके बावजूद आरोपी ने न तो चेक लौटाया और न ही लेन-देन समाप्त माना। शहनाज बेगम का आरोप है कि शोभा केशकर ने उनके दिए कोरे चेक का दुरुपयोग करते हुए उसमें 1 लाख रुपए की राशि भर दी। चेक बाउंस होने के बाद कोर्ट के जरिए उन्हें नोटिस भेजा गया, जिससे उन पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ गया। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया यह मामला अवैध सूदखोरी, धमकी और जबरन वसूली से जुड़ा पाया गया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी सुनियोजित तरीके से अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की ठगी कर रही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**निविदा सूचना**

क्रमांक 04 नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2025 रायपुर दिनांक 16-04-26

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

1 आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04.05.2026 को सायं 5.30 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 05.05.2026 को सायं 5.30 बजे त
3 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.05.2026 को सायं 4.00 बजे तक
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 08.05.2026 को सायं 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख मे) | अमागती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एसओ.आर/नॉन एस ओआर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड 46 अंतर्गत गार्डन । सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य। (बी.एस.एन.एल ऑफिस के पास)-सामान्य मद | 9.85 | 10000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 03 माह | प्रपत्र "अ" | पीडब्ल्यूडी/नॉनएसओआर दिनांक 01/01/2015 एवं नान एसएसओ आर आयटम दर |

नोट- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज / छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र/ जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र/पेन कार्ड/विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न (नदीन पंजीकृत ठेकेदार/फार्म के लिये यह लागू नही होगा) / विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न / राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के नाद का नोटराईजड / राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित्त बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफडी.आर के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवका होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जादेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर निगम के वेबसाईट nagar nigam raipur.nic.in में देखी जा सकती है।
4. निविदा अंतर्गत (3rd Party Inspection) की राशि का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जायेगा जो कि कुल स्वीकृत राशि के 0.60 प्रतिशत एवं जीएसटी अतिरिका होगा।
घरो से निकलने काले सुआ और गीला कचरे को सराई भित्र (वाहन) को देखें।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दवें

जोन कमिश्नर जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./30376/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30376
वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR328B0180A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAMESH KUMAR AHUJA S/O LT.SACCHANAND AHUJA 2.SAVITA AHUJA W/O RAMESH AHUJA 3.DEEPAK AHUJA S/O RAMESH AHUJA 4.ANURADHA AHUJA W/O DEEPAKK AHUJA पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती DEEPAK KUMAR AAHUJA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O RAMESH KUMAR AHUJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./30264/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 15-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30264
वार्ड का नाम-33 - शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 33 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR332H00169 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHALL LAL KRISHNAANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SUNDARDAS KRISHNANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ANOOP KUMAR HOTWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O RAM CHAND HOTWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./30354/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30354
वार्ड का नाम- 5 बंजारी माता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR105B00065 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BALARAM CHANDRAKAR, GANPAT CHANDRAKAR पिता/पति, श्री/श्रीमती FIRTU RAM CHANDRAKAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 01. MOHAN CHANDRAKAR 02. PARAS KUAMR पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. BALARAM URF BALLURAM CHANDRAKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./30200/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30200
वार्ड का नाम- 15 कन्हैयालाल बाजारी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR107L00273 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LALLA KAUSHAL पिता/पति, श्री/श्रीमती GONDUL RAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SAVAN KAUSHAL पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. LALLA KAUSHAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /30400/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30400
वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802B00417 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHOK KUMAR VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती HRIDAY RAMA VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHAGWAN KHANDWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती SHRI CHEMA KHANDWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./30182/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30182
वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331H00044 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIKAS DEKATE पिता/पति श्री/श्रीमती R.M. DEKATE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1.जयपाल सुरेश कुमार बुधानी, 2.लखमी चंद सुरेश कुमार बुधानी, 3 .गौरव मेघवानी पिता/पति श्री/श्रीमती 1.सुरेश कुमार बुधानी ,2.सुरेश मेघवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /30363/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30363
वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802A0385D जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MUKESH RAY पिता/पति, श्री/श्रीमती SURESH RAY के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT RAMA SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती SHRI KEVAL SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30411/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30411
वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737E00291 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DHARMENDRA DAVE पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती ज्योति दवे** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री धर्मेन्द्र दवे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, टैक्स रसीद, बटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30413/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30413
वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737E00290 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JAYANT DAVE पिता/पति, श्री/श्रीमती RAVINDRA DAVE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती ज्योति दवे** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री धर्मेन्द्र दवे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, टैक्स रसीद, बटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30408/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30408
वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR235G00140 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती AJIT SING पिता/पति, श्री/श्रीमती KARTAR SINGH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रणदीप सिंह राजपाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री अजीत सिंह राजपाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30410/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 16-04-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 30410
वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR225C00280 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DEV ANAND DUBEY पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. RAM SWAROOP DUBEY के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री ऋषभ मारवाह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री हरकेश कुमार मारवाह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30414/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 16-04-2026

**इश्तिहार**


नामांतरण प्र.क्र. 30414
वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR436C00211 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SHAFIQUDDIN पिता/पति, श्री/श्रीमती NASIRUDDIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती फिरदोस बेगम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अब्दुल रज्जाक खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, बिक्रीनामा, टैक्स रसीद,**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# सूरजपुर में हुआ अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन

### अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल है एक मूल्यवान अभ्यास, पुलिस व अग्निशमन दल का है एक ही उद्देश्य जीवन बचाना- एसएसपी प्रशांत ठाकुर





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर बुधवार, 15 अप्रैल 2026 को पुलिस लाईन सूरजपुर में नगर सेना के अग्निशमन दल के द्वारा पुलिस अधिकारी व जवानों को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान शांत रहने के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई। जिले में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह (14 से 20 अप्रैल) तक आयोजित होंगे जिसके तहत अग्निशमन दल के द्वारा स्कूल, कालेजों, कारखानों व महत्वपूर्ण स्थानों पर आग लगने के दौरान जान-माल की सुरक्षा कैसे कर सकते है उसके लिए डेमो देकर जानकारी साझा की जायेगी।

इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि जब हम वर्दी धारण कर किसी घटना-दुर्घटना, आग जैसी उत्पन्न आपात स्थिति में राहत और बचाव के लिए पहुंचते है तो सभी को लगता है कि हम सब इस चुनौती से निपटने के लिए प्रशिक्षित है। ऐसे परिस्थिति से निपटने के लिए हमें प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है ताकि हम लोगों की जान बचा सके। इस ड्रिल में आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान अपनी और वहां मौजूद लोगों को किस तरह से सुरक्षित बाहर निकाला जाए। ऐसी स्थिति में सावधानी बरतते हुए सुरक्षा को पहले रखें, अगर आग बड़ी है तो सतर्कता बरते, घबराए नहीं, सुरक्षित स्थान पर पहुंचे, अग्निशमन दल के पहुंचने का इंतजार करें। यह ड्रिल सुरक्षा का पूर्वाभ्यास है जिसमें समयबद्धता, समन्वय और शांति महत्वपूर्ण हैं। डीआईजी व एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि कारखाने, संस्थानों सुनिश्चित करें कि अग्निशामक यंत्र उपलब्ध हों और काम कर रहे हों। अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल एक मूल्यवान अभ्यास है। पुलिस व फायर सर्विस का उद्देश्य एक ही है जीवन बचाना।


इस अवसर पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले शांत रहकर 101/112 पर कॉल करने, बिजली का मुख्य स्विच बंद करने, और यदि आग छोटी है तो फायर एक्सटिंग्यूशर या गीले कंबल का उपयोग करें। धुएँ से बचने के लिए झुककर बाहर निकलें, भीड़ न लगाएं और निकास मार्ग खुला रखें।

**अग्निशमन दल द्वारा सुझाए गए प्रमुख उपाय।-** अग्नि शमन दल ने बताया कि आग लगने पर तत्काल कार्रवाई करें, आग लगने पर घबराएं नहीं। छोटे स्तर की आग को तुरंत फायर एक्सटिंग्यूशर या रेत/मिट्टी डालकर नियंत्रित करें। बिजली/शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर पानी का प्रयोग कभी न करें। सबसे पहले मेन स्विच बंद करें।

**अग्निशामक यंत्र के उपयोग के बारे में डिटेल जानकारी दी-** आग लगने पर सुरक्षित निकास के निर्देश अग्नि शमन दल ने बताए और कहा कि बिल्डिंग में आग लगने पर धुएँ से बचने के लिए झुककर या घुटनों के बल बाहर निकलें। लिफ्ट का उपयोग न करें। गैस सिलेंडर की आग पर यदि संभव हो तो सिलेंडर के रेगुलेटर को बंद करें, या रेगुलेटर पर गीला कंबल/बोरी डालकर ऑक्सीजन की आपूर्ति काट दें। सुरक्षित दूरी अपनाए, यदि आग बढ़ रही है, तो तुरंत बाहर निकलें और दमकल के आने तक सुरक्षित दूरी बनाए रखें। इस ड्रिल के दौरान निरीक्षक जावेद मियादांद, राजेन्द्र साहू, उप निरीक्षक अग्निशमन राकेश पांडेय, पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### विषम परिस्थितियों का सीना फाड़कर पिता के दुखद मौत के बाद भी पाई सफलता छात्र अनुज कुमार ने 98 .6त्न अंकों के साथ रचा इतिहास



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** गहरे दुख और कठिन परिस्थितियों के बीच भी यदि हौसले बुलंद हों, तो सफलता कदम चूमती है इसे चरितार्थ किया है डी. ए .वी पब्लिक स्कूल , बिश्रामपुर के होनहार छात्र अनुज कुमार ने सी .बी .एस. ई , कक्षा 10 वीं में 98.6त्न अंक प्राप्त कर अपने दिवंगत पिता के प्रति अपनी सफलता समर्पित किया। रोशन ने गणित में विषय में 100त्न अंक प्राप्त कर एक अलग ही उपलब्धि हासिल की, हम बताते चले कि वर्ष 2025 के अंत में उनके पिता मनोज कुमार के असामयिक निधन हो गया पूरा परिवार गहरे दुख एवं सदमे में था इसकी बावजूद भी अनुज ने हार नहीं मानी और अपने पिता के सपनों को ही अपनी ताकत बनाया। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने विद्यालय में टॉप कर एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की। अनुज ने पिता का स्मरण करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि यह मेरी यह सफलता मेरे पापा के लिए समर्पित है। मैं उनके सपनों को पूरा करना चाहता हूँ , साथ ही अपने पूरे विद्यालय परिवार का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके मार्गदर्शन, सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन से यह उपलब्धि संभव हो सकी । बहरहाल श्रमिक नेता का0 सजल मित्रा का0 बलभद्र सेन, का0 सुरेश पटेल छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई।

### ओप्पो इंडिया ने मिड-रेंज में सेल्फी चैंपियन, एफ33 सीरीज़ लॉन्च की




**नई दिल्ली।** आज ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो एफ 33 सीरीज़ लॉन्च की है, जिसमें दो स्मार्टफोन, ओप्पो एफ33 प्रो 5जी और ओप्पो एफ 33 5जी शामिल हैं। एफ 33 सीरीज़ ओप्पो की एफ लाईन में अभी तक की सबसे आधुनिक सीरीज़ है, जिसमें सेगमेंट में सबसे बेहतर 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड सेल्फी कैमरा, आईपी69के ड्यूरेबिलिटी, 7,000 एम.ए.एच की जबरदस्त बैटरी, कलरओएस16 और 5जी++ कनेक्टिविटी दी गई है। ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने बताया कि, ''एफसीरीज़ भारत की सबसे ड्यूरेबल चैंपियन है। यह स्मार्टफोन जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के लिए बनाया गया है। एफ 33 सीरीज़ में हमने इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए 100 डिग्री एफओ.वी (फील्ड ऑफ व्यू) के साथ 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड सेल्फी कैमरा और कई ए.आई इमेजिंग फीचर्स दिए हैं। हमारी कोशिश है कि ड्यूरेबिलिटी और शानदार फोटोग्राफी के लिए ग्राहकों को महंगी कीमत न चुकानी पड़े। ग्राहकों को मॉनसून की ट्रैकिंग पर जाने की ड्यूरेबिलिटी और ग्रुप में हर व्यक्ति को सेल्फी में कैप्चर करने जैसी खूबियाँ एक ही स्मार्टफोन में मिल सकें। एफ33 हमारे इस वादे को पूरा करता है और भारत की मोबाईल-फर्स्ट पीढ़ी को वो सभी खूबियाँ प्रदान करता है, जिनके वो हकदार हैं।'' 0.6एक्स तक के स्मार्ट ऑटो-स्विच के साथ सेगमेंट का सबसे बेहतर सेल्फी कैमरा ओप्पो की सेल्फी चैंपियन एफ33 सीरीज़ में 100 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू के साथ 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाईड फ्रंट कैमरा है। यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़े स्पेस को कैप्चर करने वाला और सबसे ज्यादा रिज़ॉल्यूशन वाला कैमरा है। इसमें ई.आई.एस, ऑटोफोकस और जीसी50एफ6 सेंसर (एफ/2.0, 18 मिमी फोकल लैंथ, 5पी लेंस) जैसी खूबियाँ दी गई हैं। यह पिछली जनरेशन की फ्रेमिंग की तुलना में एक मीटर की दूरी से लगभग 30 प्रतिशत ज्यादा क्षेत्र को कैप्चर करता है।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर का दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत आने पर डॉ संजय सिंह ने दिया शुभकामनाएं आशीर्वाद

### अनुज कुमार 98.4 प्रतिशत ,अन्वेषा 98 प्रतिशत , कल्पना सिंह पैकरा 96.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही

**गोपाल सिंह विद्रोही**






**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 ङ्क 26 का परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल 2026 को घोषित किया गया, जिसमें डी ए वी स्कूल विश्रामपुर का दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कुल 132 विद्यार्थी दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। जिसमे 26 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक अर्जित किया । 33 विद्यार्थियों ने 80 - 89 त्न के बीच अंक, 22 विद्यार्थियों ने 70 - 79 त्न के बीच अंक और 24 विद्यार्थियों ने 60 - 69त्न के बीच अंक अर्जित किया। विद्यालय का दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत ङ्क प्रतिशत रहा।

अनुजकुमार 98.4 त्न अंक , अन्वेषा 98त्न , कल्पना सिंह पैकरा 96.8त्न , शुभेंदु पाल 96.2त्न, आराध्या शर्मा 95.6त्न, ध्रुव दुबे 95.4त्न, आयांशी गुप्ता 95.2त्न, शांभवी यादव, आयुषी मित्तल व विवेक कुमार विश्वकर्मा 95त्न, हर्षित कुमार यादव व सौम्या सिंह 94.8त्न, अंतारिका पटनायक 94.6त्न, तनिष्का यादव 94.4त्न, शिखर भारत व सौम्या यादव 94.2त्न , अथर्व कुमार दुबे 93.8त्न, यशस्वी सोनी 93.2त्न, अमन गर्ग 93त्न, मृदु सिन्हा 92.4त्न, प्राची राजपूत व सौम्या मिश्रा 92त्न, आयुषी गुप्ता 91.2त्न, अक्ष जायसवाल 90.6, जुनैद अहमद 90.6त्न , शौर्य प्रताप सिंह 90.2त्न अंक अर्जित कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया। उक्त प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को विद्यालय के चेयर मैन डॉ संजय सिंह एवं प्राचार्य अनामिका भारती , वरिष्ठ अध्यापकों ए एम चौबे व सी पंडा एवं कक्षा दसवीं के कक्षा शिक्षकों श्रीमती शोभा नामदेव, एम के सारंगी एवं बिमान घोष के द्वारा 'स्टार परफॉर्मर बैज' पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया । विद्यालय स्तर पर अनुजकुमार ने 98.4 .त्न अंक अर्जित कर प्रथम, अन्वेषा 98त्न अंक के साथ द्वितीय और कल्पना सिंह पैकरा 96.8त्नअंक के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय में संस्कृत विषय में अन्तारिका पटनायक, मैथ्स स्टैंडर्ड विषय में अनुजकुमार व सौम्या सिंह , सोशल साइंस विषय में अन्वेषा , ध्रुव दुबे एवं अक्ष जायसवाल , इन विद्यार्थियों ने उक्त विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय प्राचार्य महोदया श्रीमती अनामिका भारती जी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की और उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ,अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े लक्ष्य को अर्जित करने के लिए एकाग्रता, संपूर्ण समर्पण, लगन और अथक परिश्रम बहुत ज़रूरी होता है। हमें किसी भी चुनौती को सहर्ष स्वीकार करके सही दिशा में कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। विनम्रता, वक्तपाबंद और अनुशासन जैसे अच्छे गुणों को अपने व्यक्तित्व में शामिल करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक मंगलकामनाएं कीं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह जी ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और समस्त विद्यालय परिवार बिश्रामपुर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की। विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्हें अपनी हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# साड़ी घोटाले को लेकर महिला कांग्रेस का हल्लाबोल मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का फूंका पुतला



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ी वितरण में हुई अनियमितताओं को लेकर सियासत गरमा गई है महिला कांग्रेस ने इस मामले को साड़ी घोटाला करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को साड़ी वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सूरजपुर के अग्रसेन चौक पर महिला कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का पुतला दहन किया महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष आनंद कुंवर एवं महिला कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई के संयुक्त नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का पुतला दहन किया गया बड़ी संख्या में जुटी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंगनबाड़ी बहनों को बांटी जा रही साड़ियों की गुणवत्ता बेहद खराब है और इनकी सप्लाई में भारी वित्तीय अनियमितता बरती गई है प्रमुख आरोप और मांगें

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्षों ने मीडिया से चर्चा करते हुए निम्नलिखित गंभीर आरोप लगाए जैसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई साड़ियों का स्तर बेहद निम्न स्तर का है जो वितरण के मानकों के विपरीत है,साड़ी सप्लाई के ठेके और खरीद प्रक्रिया में बड़े स्तर पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के दावे किए गए हैं महिला कांग्रेस ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है पुतला दहन के पश्चात महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि इस साड़ी घोटाले की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं जिन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान और हक की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया इस दौरान पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह,शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर,कुसुमलता राजवाड़े,मनोज अग्रवाल,विष्णु कसेरा,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू,विमला सिंह मरावी,भावना सिंह नेताम,प्रदीप साहू,वीणा शर्मा,अंजना दास,लक्ष्मण कसेरा,सुनीता खाखा, मानमती राजवाड़े,मालती तिग्गा,उर्मिला केरकेट्टा,लक्ष्मी यादव,कमला यादव,तुलसी सिंह,सुल्ताना जरीना,गीता सिंह,बबिता गुप्ता,श्याम बाई,नगेशिया,लिल्ली राजवाड़े,राजेश साहू,लिवनेश सिंह,शिवम साहू,रामचन्द्र राजवाड़े,सुमंत राजवाड़े,नितेश सिंह सहित काफी संख्य में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सूरजपुर : मनरेगा से पनारी नाले का जीर्णोद्धार, 1200 ग्रामीणों को मिला पेयजल व सिंचाई का लाभ

### 156 मानव दिवस के कार्य से नाले में लौटा 2 मीटर जलस्तर






**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि एवं ग्रामीण समृद्धि के संकल्प को साकार करते हुए जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत पहाड़ अमोरनी (सारासोर) में बहने वाले पनारी नाले का मनरेगा के तहत सफलतापूर्वक जीर्णोद्धार किया गया है। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजेंद्र पाटले के मार्गदर्शन में संपन्न इस कार्य से क्षेत्र के 1200 से अधिक ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है।

**गाद सफाई और स्टॉप डेम मरम्मत से नाले को मिला नया जीवन:-**

इस जीर्णोद्धार कार्य में 156 मानव दिवस का रोजगार सृजित किया गया। नाले की गाद की सफाई कर उसे पुनर्जीवित किया गया तथा पूर्व से निर्मित स्टॉप डेम की मरम्मत कर व्यर्थ बह जाने वाले पानी को रोका गया। इसके सुखद परिणाम सामने आए हैं कृ वर्तमान में नाले में 2 मीटर तक जलस्तर दर्ज किया जा रहा है।

**पेयजल संकट हुआ दूर, 200 पशुओं की भी बुझ रही प्यास:-** जलस्तर में वृद्धि से ग्राम पंचायत पहाड़ अमोरनी के ग्रामीणों को हैंडपंप व अन्य जलस्त्रोतों से सहजता से पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के लगभग 200 पशुओं की पानी की आवश्यकता भी इस जलस्त्रोत से पूरी हो रही है। यह परिणाम मुख्यमंत्री श्री साय की उस सोच का प्रतिफल है जिसमें वे हर ग्रामीण परिवार तक स्वच्छ पेयजल और पशुपालकों को भी राहत पहुंचाने को प्राथमिकता देते हैं।

**26 किसान कर रहे सब्जी-गेहूं का उत्पादन, बाजार में बिक्री से आमदनी भी बढ़ी:-** नाले के पुनर्जीवन का सीधा लाभ क्षेत्र के कृषकों को भी मिल रहा है। नाले के किनारे लगभग 20 हेक्टेयर भूमि पर 26 किसान रबी-खरीफ फसलों के साथ-साथ मौसमी सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। गांव के कृषक अम्बेलाल, नंदलाल और रामधन नियमित रूप से सब्जी उत्पादन कर चंद्रमेणा के बाजार में विक्रय करते हुए अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का यह स्पष्ट विजन रहा है कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण, आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों में बसे किसान आत्मनिर्भर बनें और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खेत-खलिहान तक पहुंचे। पनारी नाले का यह जीर्णोद्धार उनकी उसी नीति का जीवंत उदाहरण है, जहां मनरेगा ने एक साथ रोजगार, जल संरक्षण और कृषि विकास के तीनों लक्ष्य साध लिए।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com





## संपादकीय

### बच्चों को गहरा नुकसान

कोर्ट ने पाया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने एडिक्टिव डिजाइन फीचर्स बनाए। बच्चों पर उनके संभावित दुष्प्रभाव के बारे में उन्होंने पूर्व चेतावनी नहीं दी। इस कारण कोर्ट ने उन पर लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है। सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने प्लैटफॉर्म पर जानबूझ कर ऐसी तकनीकी व्यवस्था की है, जिससे यूजर्स को उन पर बने रहने की लत लग जाती है। खासकर बच्चों को इससे गहरा नुकसान हो रहा है। अमेरिका में कैलिफ़ोर्निया की एक अदालत ने पिछले हफ्ते इस संबंध में एक दूरगामी महत्त्व का फैसला दिया। उसमें सोशल मीडिया कंपनियों मेटा (इंस्टाग्राम) और गूगल (यूट्यूब) को बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य हानि पहुंचाने का दोषी ठहराया गया। कोर्ट ने पाया कि इन प्लेटफॉर्म्स ने एडिक्टिव डिजाइन (लत डालने वाले) फीचर्स बनाए। बच्चों पर उनके हो सकने वाले दुष्प्रभाव के बारे में उन्होंने कोई पूर्व चेतावनी नहीं दी। इस कारण कोर्ट ने उन कंपनियों पर लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है। यह फैसला एक 20 वर्षीय महिला की याचिका पर आया, जिसने बताया कि बचपन से ही इंस्टाग्राम और यूट्यूब के उपयोग ने उसके जीवन पर खराब असर डाला और उसकी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ाईं। इस फैसले को सोशल मीडिया कंपनियों के लिए पहला बड़ा कानूनी झटका माना गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक अब मेटा और गूगल जैसी कंपनियों पर अपने प्लेटफॉर्म डिजाइन बदलने और उन्हें बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने के लिए दबाव बढ़ेगा। मगर ये बात अमेरिका के अंदर की है। बाहर में जब कभी किसी देश ने इन कंपनियों पर लगाम लगाने की कोशिश की है, अमेरिका सरकार अपनी कंपनियों के बचाव में आ खड़ी हुई है। डॉनल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह प्रवृत्ति अधिक आक्रामक नजर आई है। विनियमन की यूरोपियन यूनियन की कोशिश के खिलाफ ट्रंप खुद मोर्चा संभाले रहे हैँ। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया तक बच्चों की पहुंच रोकने के ठोस कदम उठाए हैँ। भारत में भी ऐसी चर्चा हाल में तेज हुई है। कर्नाटक सरकार ने इस दिशा में पहल की है। मगर जब ऐसा कदम केंद्र के स्तर पर नहीं उठाया जाता, उसके प्रभावी होने की संभावना नहीं है। अत: नरेंद्र मोदी सरकार को कम-से-कम इस मामले में अमेरिकी दबाव की परवाह ना करते हुए ठोस वैधानिक पहल करनी चाहिए। बच्चों को सिर्फ कंज्यूमर समझने वाली कंपनियों को विनियमित करने की अति-आवश्यकता है।

# भारत का फार्मा सेक्टर......नवाचार और युवाओं के लिए नया आकाश

श्रीमती अनुप्रिया पटेल लेखक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।



भारत आज दुनिया की 'फार्मेसी' के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर चुका है, और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विज़न के अनुरूप अब हम केवल जेनेरिक दवा बनाने वाले देश से आगे बढ़कर एक 'नवाचार-आधारित' वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर हैं। हमारी सरकार का उद्देश्य ऐसी नीतियां बनाना है जिससे देश के हर नागरिक कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण दवाएं से मिल सकें। साथ ही सरकार निरंतर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दे रही है और भारतीय फार्मा उद्योग को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम कर रही है।

भारत की अब तक की सफलता उसकी उत्पादन क्षमता, लागत दक्षता और गुणवत्ता मानकों पर आधारित रही है। विश्व की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं और 60 प्रतिशत वैक्सीन आपूर्ति के साथ देश ने वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने 8 से 10 वर्षों में देश को उच्च-मूल्य, नवाचार-आधारित बायोफार्मा और उन्नत चिकित्सीय उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

इसकी आधारशिला के रूप में हालिया केंद्रीय बजट में घोषित ?10,000 करोड़ की 'बायोफार्मा शक्ति' पहल महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम देश में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार आधारित उद्योगों और अगली पीढ़ी की दवाओं के विकास को गति प्रदान करेगा। आर्थिक आंकड़े भी इस बात को दर्शाते हैं कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर का है। जिस रफ्तार से हम आगे बढ़ रहे हैं, 2030 तक इसके 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की पूरी संभावना है। इसे केवल संख्या नहीं, बल्कि देश के लाखों युवाओं के लिए बेहतर भविष्य के रोडमैप के तौर पर भी देखने की जरूरत है।

वर्तमान में फार्मास्युटिकल उद्योग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 30 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। 2030 तक हेल्थकेयर और फार्मा क्षेत्र में 20 से 25 लाख नए रोजगार सृजित होंने की उम्मीद है। बायोफार्मा, मेडटेक और क्लीनिकल रिसर्च जैसे उभरते क्षेत्रों ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं।

हमारी सरकार का मानना है कि युवाओं की सफलता की नींव एक मजबूत शैक्षणिक ढांचे पर टिकी होती है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बजट में फार्मा सेक्टर के लिए और भी कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। सरकार ने देश में तीन नए राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, वर्तमान में कार्यरत सात नाईपर संस्थानों को अपग्रेड किया जा रहा है। इन सात संस्थानों में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना की गई है, जो अनुसंधान और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है, नाईपर मोहाली में एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल दवाओं की खोज एवं विकास, नाईपर अहमदाबाद में मेडिकल डिवाइसेज, नाईपर हैदराबाद में बल्क ड्रग्स, नाईपर कोलकाता में फ्लो केमिस्ट्री और सतत विनिर्माण, नाईपर रायबरेली में नोबेल ड्रग डिलीवरी सिस्टम, नाईपर गुवाहाटी में फाइटोफार्मास्यूटिकल्स तथा नाईपर हाजीपुर में बायोलॉजिकल थेरैप्यूटिक्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। इन संस्थानों का सीधा लाभ हमारे विद्यार्थियों को मिलेगा। नाईपर केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं रह जाएंगे, बल्कि वे ऐसे केंद्र बनेंगे जहां छात्र उद्योग की वास्तविक चुनौतियों पर काम करेंगे। इससे हमारे छात्र केवल 'जॉब सीकर' नहीं बल्कि 'जॉब क्रिएटर' और नवाचारी बनेंगे। बदलते दौर में काम करने के तरीके बदल रहे हैं। अनुमान है कि 2030 तक फार्मा सेक्टर के लगभग 30-35 प्रतिशत कार्यबल को री-स्किलिंग यानी नए कौशल सीखने की जरूरत होगी। केयर डिलीवरी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग की परिभाषाएं बदल रही हैं। डेटा विश्लेषण, डिजिटल हेल्थ और नियामक मामलों में उच्च कौशल वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी। हमारी सरकार का ध्यान इसी 'स्किल गैप' को भरने पर है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र क्लीनिकल रिसर्च और अनुसंधान और विकास में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करें। शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करना हमारी प्राथमिकता है। जब तक हमारे कॉलेजों में पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम और उद्योग की जरूरतें एक समान नहीं होंगी, तब तक हम 'जनसांख्यिकीय लाभांश' का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे।

इसीलिए, हम 'उद्योग-अकादमिक साझेदारी' को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में, शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल बिठाने के लिए नाईपर और उद्योग के बीच 356 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही स्किल डेवलपमेंट मिशनों के माध्यम से छात्रों को सीधे कंपनियों के साथ जुड़ने के मौके दिए जा रहे हैं। इससे न केवल युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि भारत एक ग्लोबल इनोवेशन हब बनेगा।

औषधि क्षेत्र का विकास जीडीपी बढ़ाने के साथ-साथ देश के युवाओं को सशक्त बनाने का भी एक मिशन है। ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की नींव हमारे युवा वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों के कंधों पर है। नाईपर का विस्तार और बजट में किए गए प्रावधान इस बात का प्रमाण हैं। हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जहां एक छात्र अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से वैश्विक स्तर पर बदलाव ला सके। भारत के औषधि क्षेत्र का यह स्वर्णिम युग हमारे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत ॉ2047' के विजन को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रहा है।

# भारत में विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी यकीनन यह सुकूनदेह परिदृश्य है कि भारत में उच्च अध्ययन के लिए विदेशों से आने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। हाल ही में वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे, वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। नि:संदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढक़र नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढक़र 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में अमरीकी गृह सुरक्षा विभाग के द्वारा रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल के भीतर भारतीय छात्रों के ग्राफ में बड़ी गिरावट आई है।फरवरी 2025 में अमरीका में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 378787 भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। फरवरी 2026 में यह संख्या घटकर 352644 रह गई। गिरावट का स्तर : केवल 12 महीनों में करीब 26143 छात्रों की कमी आई है, जो लगभग 6.9 प्रतिशत की गिरावट है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमरीका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमरीका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। केवल अमरीका ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया ने भी भारतीय छात्रों के लिए अपनी दहलीज ऊंची कर दी है। 8 जनवरी 2026 से ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने भारतीय आवेदकों के लिए साक्ष्य आवश्यकता स्तर को 'ईएल 2' से संशोधित करके 'ईएल 3' कर दिया है। ईएल 3 श्रेणी का अर्थ है कि भारत अब ऑस्ट्रेलिया के लिए 'उच्चतम जोखिम' वाले देशों की सूची में है। अब हर छात्र के आवेदन की सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। अब छात्रों को अपनी वित्तीय क्षमता और शैक्षणिक रिकॉर्ड के अधिक कड़े प्रमाण देने होंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से संबद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोडने के लिए प्रयास करने होंगे।



## आलेख

### उत्तर नहीं, प्रश्न ही जीवन की असली पहचान हैं

**डॉ. सुनील जैन 'संचय', ललितपुर**



जब भी मनुष्य किसी एक प्रश्न का उत्तर खोज लेता है, उसी क्षण उसके सामने अनेक नए प्रश्न जन्म ले लेते हैं। यही जिज्ञासा का अनंत चक्र है, जो जीवन को गतिशील बनाता है। यह यात्रा किसी अंतिम निष्कर्ष तक पहुँचने की नहीं, बल्कि निरंतर खोजते रहने की प्रक्रिया है—एक ऐसी साधना, जो कभी पूर्ण नहीं होती। मानव स्वभावत: रहस्यों का अन्वेषक है। उसे हर उस परत को हटाने की लालसा होती है, जो किसी सत्य को छिपाए बैठी है। यही कारण है कि वह केवल सतह पर संतुष्ट नहीं रहता, बल्कि गहराई में उतरकर उस सत्य को समझना चाहता है, जो दृष्टि से परे है। यह जिज्ञासा ही उसे साधारण से असाधारण बनाती है। यदि हम ब्रह्मांड की ओर देखें, तो पाएँगे कि वह स्वयं एक विशाल प्रश्न है—एक ऐसा रहस्य, जिसकी कोई स्पष्ट शुरुआत या अंत दिखाई नहीं देता। आकाशगंगाओं की गति, तारों का जन्म और विलय, और सूक्ष्म कणों का व्यवहार—सब कुछ हमें यह सोचने पर विवश करता है कि इस सृष्टि का वास्तविक स्वरूप क्या है। हर खोज हमें उत्तर से अधिक प्रश्नों की ओर ले जाती है। मनुष्य इस अनंत विस्तार में एक छोटा-सा अंश होते हुए भी, अपने भीतर अपार संभावनाएँ समेटे हुए है। वह केवल इस ब्रह्मांड का दर्शक नहीं, बल्कि उसका सह-खोजी भी है। उसकी सोच सीमित शरीर में रहते हुए भी असीम आकाश को छूने की क्षमता रखती है। यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। विज्ञान हमें सिखाता है कि हर समाधान अपने साथ एक नई जिज्ञासा लेकर आता है। जब हम किसी रहस्य की एक परत हटाते हैं, तो उसके नीचे और भी गहरे रहस्य छिपे मिलते हैं। यही प्रक्रिया हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यह एक अंतहीन यात्रा है, जिसमें हर कदम हमें और अधिक जानने, समझने और खोजने के लिए उकसाता है। परंतु यह खोज केवल वैज्ञानिकों या विद्वानों तक सीमित नहीं है। हर वह व्यक्ति, जो आकाश की ओर देखकर सोचता है—मैं कौन हूँ? यह संसार क्या है? मैं यहाँ क्यों हूँ?—वह इस यात्रा का हिस्सा है। यही प्रश्न हमारे भीतर चेतना का दीप जलाते हैं और हमें आत्मबोध की ओर ले जाते हैं। वास्तव में, जीवन का सौंदर्य उत्तरों में नहीं, बल्कि प्रश्नों में छिपा है। उत्तर सीमाएँ निर्धारित करते हैं, जबकि प्रश्न संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। जब तक प्रश्न जीवित हैं, तब तक जीवन भी जीवंत है। अंतत:, मनुष्य की पहचान उसके पास मौजूद उत्तरों से नहीं, बल्कि उसकी जिज्ञासा की गहराई से होती है। जो व्यक्ति प्रश्न करना नहीं छोड़ता, वही निरंतर विकसित होता है। यही विकास, यही खोज, और यही अनवरत जिज्ञासा—जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### अमेरिका-ईरान संधि वार्ता...लौट के वांस अमेरिका आये

महाबली अमेरिका और जुझारू ईरान के दरम्यां अम्न-ओ-अमान की वार्ता फैसलाकुन साबित नहीं हुई और 21 घंटों में ही उसने दमतोड़ दिया, फलत: उपराष्ट्रपति जेडी वांस अपने सहयोगियों-कुश्नर और विटकोफ के साथ अमेरिका लौट आये। उन्होंने बेनतीजा वार्ता को अमेरिका के लिये बुरा और ईरान के लिये बहुत बुरा करार दिया, तो यह साफ हो गया कि अमेरिका को शांति की ज्यादा फिक्र नहीं है और उसके मन में ईरान को तबाह करने का मंसूबा सिर उठाये हुये है। इस्लामाबाद में हुयी शांति वार्ता में वांस की शिरकत से तेहरान को बड़ी उम्मीदें थीं। एक तो वह उदार माने जाते हैं, दूसरे अन्होंने 28 फरवरी से पेश्तर हंगरी में अपने बयान में ईरान पर धावे की मुखालफत की थी, लेकिन इस्लामाबाद में उनका रवैया अड़ियल रहा और वह ट्रंप के सुर में बोलते दिखे। यूं भी आंतंकवादी राष्ट्र के फौजी शासक की पह ?ल पर हुई यह वार्ता शुरू से ही आशंका के आवर्त में रही। वार्ता के दरम्यान इस्त्रायल ने दक्षिण लेबनान पर बमबारी जारी रखी और हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम को मार गिराने का दावा किया। उसकी बमबारी से शव ?

# मतदाता पुनरीक्षण पर फिजूल हंगामा

**सूर्यकांत द्विवेदी**

मतदाता सूची 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर बड़ी हलचल है। उत्तर प्रदेश में लगभग ढाई करोड़ वोट इस प्रक्रिया के कारण कट गए हैं। पूरे देश में सर्वाधिक संख्या में वोट कटने का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश के नाम है। जाहिर है, बड़ा प्रदेश है, तो नाम भी ज्यादा कटेंगे। राज्य के उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के विधानसभा क्षेत्र में तो 34 प्रतिशत वोट कम हो गए हैं। स्वाभाविक ही पार्टियां अपना-अपना गणित निकाल रही हैं, मगर हल्ला सिर्फ इस बात पर है कि किसके वोट कटे और क्यों कटे? कौन बाहरी है? किसके पास वैध दस्तावेज हैं और किसके पास नहीं ?सवाल यह है कि एसआईआर की आवश्यकता क्यों पड़ी? तर्क भले कुछ भी दिए जा रहे हों, घुसपैठियों को मुद्दा बनाया जा रहा हो या इसे वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की कवायद बताई जा रही हो, लेकिन इसके कुछ और भी कारण हैं और ये वे कारण हैं, जिनके बारे में राजनीतिक लोग बात नहीं कर रहे। हमारे देश में वोटिंग का राष्ट्रीय औसत 58.48 प्रतिशत है। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत 66.44 दर्ज किया गया था, जबकि 2019 में 67.40 फीसदी। यह वह वक्त था, जब देश में नरेंद्र मोदी की लहर थी। उन्होंने पूरी धमक के साथ सत्ता संभाली थी। साल 2024 में मतदान लगभग एक फीसदी गिरकर 66.10 प्रतिशत रहा। साल 2024 के आम चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान लक्षद्वीप में 84.01 प्रतिशत और सबसे कम बिहार में 56.19 फीसदी हुआ था। गौर कीजिए, साल 2014 में यूपी की 73 सीटें भाजपा गठबंधन के खाते में आई थीं। यह आंकड़ा इसलिए चौंकाता है, क्योंकि तब राज्य में मतदान प्रतिशत 54.96 ही था। 2024 में विभिन्न चरणों में हुए मतदान में अधिकतम 66.65 फीसदी और न्यूनतम 58.02 प्रतिशत वोट पड़े थे। हार-जीत का यह आंकड़ा चौंकाने वाला है। 2014 में कम मतदान में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफकर दिया था, जबकि 2024 के अपेक्षाकृत अधिक मतदान में उसे सिर्फ 33 सीटें मिलीं। इस आंकड़े से ही एसआईआर का काफी सच सामने आ जाता है। उत्तर प्रदेश में पहले कुल मतदाता 15.44 करोड़ थे, जो एसआईआर के बाद अब 13.39 करोड़ रह गए हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा तमिलनाडु में 97.37 लाख, पश्चिम बंगाल में 91 लाख, गुजरात में 73.73 लाख, मध्य प्रदेश में 42.74 लाख, राजस्थान में 41.79 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, गोवा में 1.27 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, अंडमान-निकोबार में 64,014 और लक्षद्वीप में 1,429 वोट कटे। पुडुचेरी व असम में वोट कटने के बाद भी मतदान का रिकॉर्ड बना है। पुडुचेरी में 89.83, असम में 85.38 और केरल में 78.03 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें एसआईआर की भूमिका कितनी है, अभी कहना कठिन है, पर ये आंकड़े चौंकाते हैं। सामान्य गणित लगाएं, तो एसआईआर के बाद मतदान प्रतिशत कम होना चाहिए था। कुछ साल पहले तक देश में 46 फीसदी लोग वोट नहीं डालते थे। लोकतंत्र के महापर्व के प्रति उनकी उदासीनता थी। अब राष्ट्रीय मतदान दर के औसत में कुछ सुधार जरूर हुआ है, पर अभी भी वोट डालने और न डालने वालों के बीच का अंतर काफी है। लगभग 35-40 फीसदी आबादी अब भी वोट ही नहीं डालती और 35 से 37 प्रतिशत मत हासिल करने पर ही सरकारें बन जाती हैं। हमारे देश के राजनीतिक विमर्श से यह मुद्दा गौण है कि कितने प्रतिशत मतदाताओं ने वोट नहीं डाला और क्यों नहीं डाला? पूरे देश में एसआईआर के तहत वोट कटने का प्रतिशत महज सात है, और जो सात फीसदी वोट कटे हैं, वे निष्क्रिय मतदाता माने गए हैं। निष्क्रिय मतदाता में तीन प्रकार के नागरिक शामिल हैं- दोहरे मतदाता पहचान-पत्र वाले, यानी जिनका वोट एक से अधिक जगह था। दूसरा, जिनकी मृत्यु हो चुकी है और तीसरा, जिनके पास कोई मान्य कानूनी दस्तावेज नहीं था। अगर सात फीसदी वोट कटने को ही आधार मानें, तो देश में उदासीन वोटरों की संख्या अब भी कहीं अधिक है। निस्संदेह, वोट न डालने वाले सभी मतदाता फर्जी नहीं हैं। विडंबना यह है कि हमारे नौजवानों में इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति सबसे ज्यादा उदासीनता देखी गई है। देश के 21 करोड़ युवा मतदाताओं में से औसतन सिर्फ 22 प्रतिशत वोट देते हैं। ऐसे ही, श्रमिकों, खेतिहर मजदूरों व निम्न मध्यवर्ग में भी वोट डालने के प्रति विशेष आकर्षण नहीं है। मतदान के दिन भी वे अपने काम पर होते हैं। ये श्रमिक स्थानीय नहीं होते। वे प्रवासी मजदूर होते हैं। जहां कहीं सस्ते पारिश्रमिक पर वे उपलब्ध होते हैं, ठेकेदार उन्हें बुला लेता है। ईंट भट्ठों व निर्माण स्थलों पर काम करने वाले ऐसे मजदूरों की तादाद बहुत अधिक है। इनके पास कोई दस्तावेज नहीं होता, इसलिए एक बहुत बड़ा वर्ग मतदान से वंचित रहता है। चुनावी दौरों में अक्सर ऐसे इलाके मिल जाते हैं, जहां के मेहनतकश लोगों को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का नाम तक नहीं पता होता। यह एसआईआर लगभग दो दशक बाद हो रहा है। जाहिर है, इस बीच स्थिति काफी कुछ बदल चुकी है। बहुत सारे लोग देश या राज्य के दूसरे हिस्से में जा बसे हैं। काफी सारे लोगों का स्वर्गवास हो चुका है।



# जैन सोशल ग्रुप हैरिटेज सिटी का रजत जयंती समारोह -2026 भव्यता के साथ संपन्न

**जयपुर( विश्व परिवार )।** जैन समुदाय की विश्व की सबसे बड़ी दम्पति सदस्यों की संस्था जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन, मुंबई की शाखा जैन सोश्यल ग्रुप हैरिटेज सिटी जयपुर ने अपना रजत जयंती समारोह -2026 बड़े ही भव्यता के साथ राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना में आयोजित किया।



ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल दीप प्रज्वलनकर्ता दीवान उदयलाल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल दीवान, विशिष्ट अतिथि श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर के अध्यक्ष उमरावमल सांघी एवं राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन थे। समारोह की अध्यक्षता जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फेडरेशन, मुंबई के पूर्व अध्यक्ष इंजीनियर राकेश जैन ने की। ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी ने बताया कि भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के संयुक्त मंत्री अनिल दीवान एवं परिवारजन तथा सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का तिलक,माला व साफा पहनाकर स्वागत ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज, अध्यक्ष नितिन पाटनी , सचिव अरुण पाटनी , उपाध्यक्ष प्रदीप बज, संयुक्त सचिव डॉ. सुदीप जैन , कोषाध्यक्ष राजीव बज, पूर्व अध्यक्ष मुकेश कासलीवाल , अरविंद पाटनी ,महावीर सेठी एवं शांति काला ने किया। गौरवमयी अतिथि के रूप में उपस्थित नार्दन रीजन चैयरमैन राजीव पाटनी , सचिव रविंद्र बिलाला ने रजत जयंती समारोह में ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज, अध्यक्ष नितिन पाटनी एवं सचिव अरुण पाटनी का माला, शॉल, दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया और सभी दम्पति सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की ।

प्रेक्षा जैन एवं मोक्तिका जैन ने नृत्य के साथ मंगलाचरण प्रस्तुत किया। संगिनी फोरम हैरिटेज सिटी की अध्यक्ष शशि बज, संस्थापक अध्यक्ष शालिनी जैन , सचिव दीपाली पाटनी एवं निवर्तमान अध्यक्ष अलका बज ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संगिनी फॉरम की सदस्याओं द्वारा भावनात्मक नाटिका मां का दिल का मंचन किया और ढेर सारी बधाइयां बटोरी। ग्रुप के दंपत्ति सदस्यों द्वारा ग्रुप के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी एवं संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ? ने ग्रुप के सफलतम 25 वर्षों की यात्रा के सफर को अपने उदबोधन के माध्यम से एवं एलईडी पर चित्र प्रदर्शन कर सभी को अवगत कराया। उन्होंने ग्रुप द्वारा 25 वर्षों में अर्जित की गई सभी उपलब्धियों की जानकारी दी। सुभाष बज ने बताया कि ग्रुप द्वारा स्थापना वर्ष 2001 से ही प्रतिमाह विभिन्न मंदिरों में भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन निरंतर किया जा रहा है , जिसकी 301 वीं कड़ी इसी माह में आयोजित की गई । धर्म प्रभावना के क्षेत्र में ग्रुप द्वारा आयोजित की गई धार्मिक यात्राओं, सामाजिक क्षेत्र में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर , मेडिकल कैंप, निर्धन व्यक्तियों की सहायता तथा जीव दया के अन्तर्गत गायों को चारा एवं पक्षियों के लिए दाना वितरण कर आयोजित किए गए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

# चांदखेड़ी में लहराया महाकोशल-विंध्य का परचम

- 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन में 26 अवार्ड, सीए मनोज जैन बने देश के सर्वश्रेष्ठ रीजन अध्यक्ष




**चांदखेड़ी ( राजस्थान )।** जैन अतिशय तीर्थ स्थल चांदखेड़ी में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन अत्यंत भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। देशभर से पधारे पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस अधिवेशन में महाकोशल-विंध्य रीजन ने अपने उत्कृष्ट कार्यों के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान स्थापित की।

अधिवेशन के दौरान महाकोशल-विंध्य रीजन के अध्यक्ष सीए मनोज जैन को सर्वश्रेष्ठ रीजन अध्यक्ष के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया, वहीं रीजन के कोषाध्यक्ष सुनील घिया को सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया। यह उपलब्धियाँ वर्ष 2025 में रीजन द्वारा किए गए धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं के उत्कृष्ट कार्यों का प्रतिफल हैं।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन एवं राष्ट्रीय सहसचिव संजय सम्यक ने प्रेस रिलीज के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर के विभिन्न सोशल ग्रुप्स ने अपने उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर कुल 26 अवार्ड प्राप्त कर रीजन का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।जबलपुर मेन ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 अवार्ड अपने नाम किए। इसमें सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का सम्मान मुल्कराज बादशा को प्राप्त हुआ। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्क्रैप बुक श्रेणी में द्वितीय स्थान भी हासिल किया।

अधिवेशन की भव्य स्मारिका 'चंद्रोदय घोष' के उत्कृष्ट एवं त्रुटिरहित संपादन हेतु प्रधान संपादक प्रशांत जैन सहित संपादकीय टीम—डॉ. यतीश जैन, गोपाल जैन, संजय सम्यक, विकास जैन एवं अंजुल जैन—को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# धर्म मन को निर्भय,शांत ओर निर्मल बनाता है : मुनि श्री हितेंद्र सागर जी

**जयपुर (विश्व परिवार)।** वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज श्री आदिनाथ जिनालय श्याम नगर जयपुर में संघ सहित विराजित है। आचार्य संघ सान्निध्य में तीन दिवसीय स्वयंभू मंडल विधान चल रहा है।मुनि श्री हितेन्द्र सागरजी महाराज ने प्रवचन में बताया कि मनुष्य की सबसे बड़ी भूल यह है कि वह पूरी जिंदगी दुनिया में व्यस्त रहता है,पर अपने आप को जानने का समय नहीं निकालता। राजेश पंचोलिया सुरेश सबलावत अनुसार मुनि श्री ने धर्म क्या है? इसकी विवेचना में बताया कि धर्म कोई बाहरी दिखावा या केवल नियम नहीं है। धर्म वह है जो मन को निर्भय, शांत और निर्मल बना दे।गलत कर्म से भय ओर दु:ख होते हैं जबकि सही जीवन से निर्भयता ओर सुख मिलता है इसलिए निर्भयता ही धर्म का प्रमाण है भीतर का सत्य दुनिया में-मेरा परिवार, मेरा धन यह व्यवहार है।लेकिन सच्चाई- अंत में केवल आत्मा ही मेरी है जो यह समझ लेता है, वही धर्म की ओर बढ़ता है।अहंकार छोड़ना ही साधना जब तक- मैं बड़ा हूँ, मैं अलग हूँ तब तक धर्म नहीं जब-मैं केवल एक आत्मा हूँ वहीं से सच्चा धर्म शुरू होता हैनियम सहायक हैं, लक्ष्य नहीं।असली शुद्धता बाहर नहीं, भीतर के विचारों में है।संगति, सोच और व्यवहार ही जीवन बदलते हैं।दोपहर को स्वयंभू मंडल विधान में 24 तीर्थंकरों की पूजन कर अर्ध्य समर्पित किए जा रहे हैं




# अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में भव्य महामस्तकाभिषेक एवं वात्सल्य महाप्रसाद का होगा आयोजन

**कचनेर।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, कचनेर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम रविवार, दिनांक 19 अप्रैल 2026 को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न होगा।

इस अवसर पर श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान एवं भगवान ऋषभदेव के सान्निध्य में विशेष पूजन और महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे जिनाभिषेक बोली से होगी। इसके बाद सुबह 10:00 बजे मूलनायक भगवान का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। साथ ही सुबह 11:00 बजे से महाप्रसादी (वात्सल्य) का आयोजन किया जाएगा।

इस पुण्य अवसर पर महाप्रसादी के पुण्यार्जक के रूप में जालना के लुंगाडे परिवार का विशेष योगदान रहेगा। इसमें श्रीमती विद्या रामलालजी लुंगाडे, श्रीमती नेहा कैलासजी लुंगाडे, श्रीमती त्रिशला विलासजी, श्रीमती मोहिनी अमोल, श्रीमती मनीषा विजय तथा स्वराज, वीर, युवराज, सम्यक, कु. आराध्या, शुभ्रा, समृद्धि आदि परिवार के सदस्यों का समावेश है। इस कार्यक्रम के लिए अतिशय क्षेत्र कचनेरजी के ट्रस्टी एवं कार्यकारिणी मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है। यह जानकारी प्रचार-प्रसार संयोजक नरेंद्र अजमेरा एवं पियुष कासलीवाल, औरंगाबाद द्वारा दी गई है।




# शोभायात्रा में लहराई धर्म ध्वजा अश्व पर सवार हुए बच्चे



**औरंगाबाद।** आचार्य प्रसन्न सागर का चतुर्विध संघ सहित परतापुर नगरी में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर पूरे नगर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह उमड़ पड़ा। प्रवक्ता बताया कि आचार्य ससंघ प्रवेश एन.पी. मार्ट से प्रारंभहोकर आदिनाथ कॉलोनी होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। मार्ग में आकर्षक स्वागत द्वार पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर आचार्य संघ का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण धर्म ध्वजा रही, जिसके साथ अश्व दल एवं बालिका मंडल स्कूटी पर सवार होकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। नासिक ढोल की गूंज पर श्रद्धालु झूमते हुए नृत्य करते नजर आए। मंगल कलश के साथ महिला मंडल, नेमिनाथ नवयुवक मंडल बोहरी समाज एव सभी समाज के लोग नजर आये एवं समाजजन अपनी वेशभूषा में चल रहे थे।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चे को मिली नई दिशा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा योजना के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास लगातार सार्थक परिणाम दे रहे हैं। रायपुर जिले के शासकीय प्राथमिक शाला, अवंति विहार के कक्षा तीसरी के छात्र 8 वर्षीय तनुज के जीवन में इस योजना के तहत उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित तनुज के हाथों की मांसपेशियों में अत्यधिक अकड़न होने के कारण उसके दोनों हाथ अंदर की ओर मुड़े रहते थे। वह न तो स्वयं भोजन कर पाता था और न ही किसी वस्तु को ठीक से पकड़ पाता था, जिससे लिखने में भी कठिनाई होती थी। इसके अलावा पैरों और घुटनों में कमजोरी के कारण उसका चलना भी असंतुलित था। विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक (शहरी) श्रीमती महिमा जोसेफ द्वारा निरीक्षण के दौरान तनुज की पहचान की गई। इसके बाद जिला चिकित्सालय रायपुर में परीक्षण कराकर उसे फिजियोथेरेपी और काउंसलिंग की सलाह दी गई। रिसोर्स रूम में विशेष शिक्षक डॉ. गार्गी पाण्डेय द्वारा काउंसलिंग तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. लावन्या द्वारा नियमित थेरेपी प्रदान की गई। नियमित फिजियोथेरेपी और काउंसलिंग के परिणामस्वरूप तनुज की मांसपेशियों की अकड़न में कमी आई है।

# मुनिश्री संधानसागर जी ने की तीर्थराज सम्मेद सम शिखर की प्रथम वंदना

**शिखरजी।** संत शिरोमणी आचार्यती 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक, परम तपस्वी शिष्य गुणायतन के गौरव परम पूज्य मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर जी पर्वत की आज प्रथम वंदना की। मुनि श्री लगभग 1700 किलोमीटर की लम्बी यात्रा कर अपने शिक्षागुरु गुणायतन प्रणेता परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाणसागर जी के साथ बुधवार 15 अप्रेल को प्रात-काल ही हजारों श्रदालुओं के साथ गुणायतन में भव्य मंगल प्रवेश किये थे और 16 जनवरी को प्रात-काल भस्तों के जयकारों के साथ पहाड़ पर वंदनार्थ चल दिये मुनि श्री में ब्रह्मचारी अवस्था में इलो तीर्थराज की लगभग 270 वंदना एवं 18 परिक्रमा सम्पन्न की है। परम पूज्य दिये।



गुरवर के साथ सुख तीर्थराज की भावों से भरकर सभी ने वंदना की। हुआ ये भी संयोग था कि आज 21वें तीर्थकर नमीनाथ भगवान का इसी पावन भूमि से मोक्ष दिवस भी है। मुनि श्री के सान्निध्य में भक्तों ने नमिनाथ - भगवान् की मित्रधर टोंक पर खूब भस्ति भाव से चरणों का अभिषेक - पूजा एवं निर्वाण लाडू चढाया साथ ही भगवान पार्श्वनाथ के मूले, चरण पर भी शांतिधारा एवं निर्वाण लड्डू समर्पित किया। बम्बई के क्षावक श्रेष्ठी दिनेश-रेखा गंगवाल के साथ ही जयपुर, कलकत्ता दिल्ली, सागर, भोपाल, जयपुर, छ.ग., बिहार, झारखण्ड के अनेकों श्रद्धालुओं ने गुनि श्री के साथ व पंदना कर अपने आजीवन को धन्य किया।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान को महिलाओं का मिल रहा है समर्थन

- मंत्री खुशवंत ने किया गौ सेवको की सराहना

**आरंग (विश्व परिवार)।** 27 अप्रैल को आयोजित देश भर में चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान को सभी वर्गो का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।गौ सेवा, सम्मान और संरक्षण के लिए चलाए जा रहे इस राष्ट्रीय अभियान अब एक जन अभियान बनते जा रहा है।इसी कड़ी में आरंग के गुप्ता समाज की महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस अभियान को सफल बनाने लोगों से अपील कर रही है। वही गत दिवस गौ सेवको ने आरंग में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, नपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों, सभी मंदिर ट्रस्टों व ग्राम पंचायतों को गौ सम्मान आह्वान अभियान का ज्ञापन सौंपकर इस अभियान को सफल बनाने अपील किए।




जिसपर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सहमति प्रदान करते हुए गौ सेवको की प्रयासों की सराहना किए। वहीं आरंग सहित पूरे अंचल के गौसेवको में इस अभियान को लेकर भारी उत्साह है। गांव में बैनर पोस्टर,नारा लेखन कर गौ माता की सेवा, संरक्षण और सम्मान के लिए अपील और लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल 2026 के सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परिणामों में 100 प्रतिशत सफलता के साथ चमका

**रायपुर (विश्व परिवार)।** CBSE कक्षा 10वीं के 2026 के परिणामों की घोषणा ने पूरे देश में अपार हर्ष और गौरव का माहौल बना दिया है, और ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल, रायपुर इस वर्ष अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ अग्रणी संस्थानों में से एक के रूप में उभरा है।


SHAILESH AGRAWAL


SRISHTI SINGH

स्कूल को अपने उन मेधावी छात्रों पर अत्यंत गर्व है, जिन्होंने शैक्षणिक श्रेष्ठता के अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं। उनकी उपलब्धियां पूरे वर्ष अपनी पढ़ाई के प्रति उनके समर्पण, दृढ़ता और अटूट प्रतिबद्धता का सच्चा प्रतिबिंब हैं।

इस वर्ष, ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ परिणामों में से एक दर्ज किया है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने शीर्ष ग्रेड हासिल किए और कुल मिलाकर एक सराहनीय सफलता दर प्रदान की। छात्रों का यह निरंतर प्रदर्शन न केवल उनकी कड़ी मेहनत को उजागर करता है, बल्कि स्कूल के सुदृढ़ शैक्षणिक ढांचे और सर्वांगीण विकास पर उसके फोकस को भी दर्शाता है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर, स्कूल प्रबंधन ने सभी टॉपर्स और उच्च उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को उनकी उल्लेखनीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

प्रधानाचार्य सुश्री पिल्लई मंजुमोल शिवशंकर ने अपनी अपार प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे उत्कृष्ट परिणाम छात्रों के अनुशासन और शिक्षण संकाय के समर्पण का प्रमाण हैं। उन्होंने टॉपर्स को बधाई दी और सभी छात्रों को उनके भविष्य के शैक्षणिक प्रयासों में भी उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया।

डायरेक्टर प्रत्युष पड़राहा ने छात्रों को उनकी सफलता, स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एक पोषणकारी माहौल प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने ऐसे सराहनीय परिणाम हासिल करने में छात्रों और शिक्षकों, दोनों के अथक प्रयासों की सराहना की।

एकेडमिक डायरेक्टर शोभा पड़राहा ने शैक्षणिक उपलब्धियों की प्रशंसा की और निरंतर प्रयास तथा एकाग्र होकर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने टॉपर्स को बधाई दी और छात्रों की सफलता को आकार देने में शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक योगदान को स्वीकार किया।

स्कूल प्रशासन की प्रमुख, डॉ. गरिमा अग्रवाल ने भी सभी सफल छात्रों को अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की, और शिक्षकों, प्रशासन तथा अभिभावकों के बीच बेहतरीन तालमेल की तारीफ़ की, जिसने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में योगदान दिया।

प्रबंधन ने अभिभावकों की भी उनके निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए सराहना की, जिसने छात्रों की उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल के ये शानदार परिणाम एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता, चरित्र निर्माण और प्रत्येक छात्र के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को पुष्ट करते हैं। स्कूल आने वाले वर्षों में नए कीर्तिमान स्थापित करना जारी रखेगा और युवा मस्तिष्कों को और भी ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

# 5 वें दिन हुई समाधि.. मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज की

- डोला में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**सागर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से मुनिश्री महासागर महाराज के सानिध्य में भाग्योदय तीर्थ में आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज (दक्षिण) के शिष्य मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज (63 वर्ष) की संलेखना 12 अप्रैल से प्रारंभ हुई थी 5 वें दिन मुनि श्री की सुबह 8:28 बजे णमोकार मंत्र के सुनते हुए समाधि हो गई। मुनिश्री कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे है वे मूलत: ग्रहस्थ अवस्था में सागर नगर के रामपुरा वार्ड के निवासी हैं।



मुकेश जैन ढाना ने बताया कि महासागर महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हुई संलेखना के पहले दिन निर्जल उपवास किया दूसरे दिन लौकी का जूस और जल लिया तीसरे दिन पुन: उपवास किया चौथे दिन जल और लौकी का जूस लिया 16 अप्रैल को आचार्य श्री के आशीर्वाद के बाद उन्होंने यम संलेखना का नियम ले लिया था। मुनि श्री की सुबह समाधि हो गई। मुनि श्री महासागर महाराज करेली की ओर विहार कर रहे थे। आचार्य श्री समय सागर महाराज के द्वारा मुनि श्री की संलेखना समाधि का आशीर्वाद और संकेत मिलने के बाद 50 किमी से चतुर्भटा ग्राम से वापस विहार कर भाग्योदय तीर्थ सागर पहुंचे।

63 वर्षीय मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज के गृहस्थ अवस्था का नाम संतोष जैन था कक्षा नवमी तक शिक्षित 5 भाई बहनों में सबसे बड़े थे और बर्तन का व्यवसाय करते थे 1998 में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दो प्रतिमा के व्रत लिए थे और हमेशा गुरु चरणों में परिवार सहित रहकर मुनि और आर्यिका संघो को चौका लगाकर आहार कराया करते थे 7 जुलाई 2006 से उन्होंने व्यापार का त्याग कर दिया जनवरी 2008 में उनकी दोनों किडनी खराब हो गई डॉक्टर ने जवाब दे दिया तो आचार्य श्री ने उन्हें कुछ नियम देकर आशीर्वाद दिया और सात प्रतिमा के व्रत ले लिए, 12 फरवरी 2021 को उन्होंने परिवार का त्याग कर गुना में आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज (दक्षिण) से मुनि दीक्षा ग्रहण की।

## संक्षिप्त समाचार

### वायरल ऑडियो कांड: पैसे के लेन-देन की बातचीत पर सब-इंस्पेक्टर निलंबित

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ऑडियो ने पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। ऑडियो में एक पुलिस अधिकारी द्वारा कथित रूप से पैसों के लेन-देन की बातचीत सामने आई है, जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। प्राथमिक जांच में ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज थाना कोतवाली गरियाबंद में पदस्थ उप निरीक्षक अजय सिंह की प्रतीत होने पर पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लिया। अनुशासित बल की छवि पर असर डालने वाले इस प्रकरण में त्वरित निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। जांच में यह पाया गया कि जिम्मेदार पद पर रहते हुए आचरण संदिग्ध, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता के संकेत मिल रहे हैं। इसी आधार पर यह कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

### नक्सलमुक्त क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देने के लिए प्रशासन हरसंभव कर रही है प्रयास-कलेक्टर छिकारा

**जगदलपुर** बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा विकासखंड के सुदूर अंचल स्थित पॉवेल गाँव में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने गुरुवार को चैपाल लगाकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस गाँव तक पहुंचने के लिए कलेक्टर श्री छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने दंतेवाड़ा जिले के बारसूर होकर पहुँचे। गाँव पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन का स्वागत किया। चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकता में पूरा बस्तर संभाग है, नक्सलमुक्त क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वस्थ बस्तर अभियान, बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार योजना 2.0 का क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया । इसके साथ ही राशन सामग्री की व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए, आधार कार्ड निर्माण, सामाजिक पेंशन की स्थिति, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंकिंग सुविधा, मनरेगा जॉब कार्ड की स्थिति, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बनाने, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि पूर्व में असामाजिक तत्वों के कारण विकास से दूर रहे क्षेत्रों में प्रशासन की पहुँच ही विकास को बढ़ावा दे रही है। गाँव के युवाओं को पूरी शिक्षा दिलवायें ताकि युवा अपने भविष्य को बेहतर कर सकें। पुलिस से किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो नजदीकी थाने में जाकर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस विभाग ने पुलिस भर्ती के प्रशिक्षण की व्यवस्था बनाई है। युवा जो रोजगार की तलाश में हैं वे इसका लाभ ले सकते हैं । ग्रामीणों ने गाँव में पेयजल की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर ने फेल हुए बोरवेल को ठीक कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में माओवाद गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन अब हालात में सुधार के साथ विकास कार्यों को तेजी दी जा रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी साड़ियां बांटने पर बवाल : कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही साड़ियों के आकार में कटौती को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने इसे मातृशक्ति का अपमान बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बेसरा ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार एक तरफ महिला सशक्तिकरण का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर विभाग के माध्यम से ऐसी साड़ियां बांटी जा रही हैं जो पहनने योग्य ही नहीं हैं।मानक आकार से काफी छोटी इन साड़ियों ने सरकार के भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की पोल खोल दी है। सुखचंद बेसरा ने कहा कि साड़ियों के कपड़े और लंबाई में कटौती करना सीधे तौर पर करोड़ों रुपये के घोटाले का संकेत है। आखिर किसके इशारे पर टेंडर की शर्तों का उल्लंघन कर छोटी साइज की साड़ियां खरीदी गईं? इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि



बस्तर की मेहनती महिलाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिन-रात शासन की योजनाओं को जमीन पर उतारती हैं। उन्हें ऐसी साड़ियां देना जो तन ढकने के लिए भी पर्याप्त न हों उनके स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ है। यह भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि विभाग में ऊपर से नीचे तक कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। घटिया गुणवत्ता और कम लंबाई का सामान सप्लाई कर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है,जबकि जनता के टैक्स का पैसा बर्बाद हो रहा है। जिला कांग अध्यक्ष बेसरा ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल प्रभाव से विभाग इन साड़ियों को वापस लेकर मानक साइज की उच्च गुणवत्ता वाली साड़ियां वितरित नहीं करता, तो जिला कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करेगी और विभाग का घेराव करेगी।उन्होंने अंत में कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है। जो सरकार महिलाओं को सम्मानजनक वस्त्र तक उपलब्ध नहीं करा सकती उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। हम इस साड़ी घोटाले की जांच होने तक चुप नहीं बैठेंगे।

## पीएमजीएसवाय के तहत गरियाबंद जिले को नई सड़क सौगात

### 18.08 किलोमीटर लंबी 7 सड़कों पर 1423.65 लाख रुपये का होगा निर्माण

### 17 अप्रैल को कलेक्टर सभा कक्ष में वर्चुअल रूप से होगा भूमिपूजन



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में स्वीकृत 7 सड़कों की कुल लंबाई 18.08 किमी है। जिसकी कुल लागत 14 करोड़ 23 लाख 65 हजार रुपये है। निर्माण कार्य का भूमिपूजन 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा। इस वर्चुअल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,पंचायत एवं ग्रामीण विकास,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करने वाले इन कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें सांसद, विधायक, मीडिया प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इससे दूरस्थ क्षेत्र को पक्की सड़क से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगा।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इसके अंतर्गत विकासखण्ड देवभोग के सुपेबेड़ा से परेवापाली तक सड़क की लंबाई 1.56 किलोमीटर बनेगी। जिसकी लागत 125.26 लाख रुपये है। इसी प्रकार विकासखण्ड गरियाबंद के मरदाकला से कारीडोंगरी तक की लंबाई 3.30 किलोमीटर है। जिसकी लागत 272.44 लाख रुपये, रावनडिग्गी से सेम्हरा तक की लंबाई 2.71 किलोमीटर जिसकी लागत 185.11 लाख रुपये है।

विकासखण्ड मैनपुर के मुड़गेलमाल से स्याहीडोंगरी तक की लंबाई 3.34 किलोमीटर है। जिसकी लागत 300.66 लाख रुपये, भाठीगढ़ से भटगांव तक की लंबाई 0.86 किलोमीटर 64.73 लाख रुपये, कोदोभांठ से साल्हेभांठ 2.49 किलोमीटर एवं 205.72 लाख रुपये तथा अड़गडी (जरहीडीह) से कोसमबुडा 3.82 किमी एवं 269.63 लाख रुपये निर्धारित है।

## नारीशक्ति वंदन सम्मेलन में महिलाओं का उत्साह, लता उसेण्डी ने बताया ऐतिहासिक कदम




**जगदलपुर।** लता उसेण्डी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम बताया। वीर सावरकर भवन में आयोजित नारीशक्ति वंदन सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और शहर में स्कूटी रैली निकाली। कार्यक्रम में महिलाओं ने नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान प्रबुद्ध महिलाओं का सम्मान किया गया और जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# बस्तर के आर्थिक क्षितिज पर नई दस्तक

### थिंक बी की एंटरप्रेन्योर मीट में गूंजा वैश्विक पहचान का संकल्प

**जगदलपुर।** बस्तर की छिपी हुई आर्थिक संभावनाओं को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने और स्थानीय युवाओं के भीतर उद्यमिता की लौ जलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अनूठी पहल थिंक बी (बिल्डिंग बैटर बस्तर) ने एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। एक्सप्लोरिंग बस्टर्स पोटेंशियल की विशेष थीम पर आधारित एक गौरवशाली एंटरप्रेन्योर मीट का आयोजन गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित थिंक बी केंद्र में किया गया, जहाँ बस्तर के पारंपरिक हुनर और आधुनिक कॉर्पोरेट विजन का एक अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन की सार्थकता को तब और बल मिला जब देश के विख्यात वित्तीय विशेषज्ञ श्री अभिनव खंडेलवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। आईपीओ एडवाइजरी, प्री-आईपीओ और प्राइवेट इक्विटी जैसे जटिल वित्तीय क्षेत्रों में लंबा अनुभव रखने वाले श्री खंडेलवाल ने स्थानीय उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बस्तर के उभरते हुए स्टार्टअप्स को यह महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाया कि कैसे यहाँ के पारंपरिक व्यवसायों को निवेश की आधुनिक



तकनीकों से जोड़कर वैश्विक स्तर पर स्केलेबल बनाया जा सकता है। करीब 90 मिनट के इस सत्र में उत्साह का माहौल रहा, जहाँ युवाओं ने अपने व्यापारिक मॉडलों को और अधिक प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के गुर सीखे।

कार्यक्रम का केंद्र बिंदु मुख्य रूप से पर्यटन, होमस्टे, वन उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण और यहाँ की समृद्ध कला एवं संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे। आयोजकों का मानना है कि बस्तर की असली ताकत उसकी जड़ों में है, और यदि इन पारंपरिक क्षेत्रों को सही मार्गदर्शन और सही समय पर निवेश मिल जाए, तो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। यह मीट केवल चर्चा तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने स्थानीय उद्यमियों को एक ऐसा शक्तिशाली नेटवर्क प्रदान किया, जिससे वे अपने स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ले जा सकें।

थिंक बी की यह दूरगामी पहल बस्तर के माटी की खुशबू को दुनिया तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यह न केवल नवाचार और रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इस बात का भी प्रमाण है कि बस्तर के उद्यमी अब अपनी गहरी जड़ों के सहारे सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस गरिमामयी मंच के जरिए बस्तर को वह पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया जिसका वह वास्तव में हकदार है, जिससे अब यहाँ के उत्पादों और संस्कृति की गूँज सात समंदर पार तक सुनाई देगी।

# पटवारी की मनमानी उजागर: नक्शा काटने के नाम पर हितग्राही से मांगी मोटी रकम और बीयर

### शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में, एसडीएम ने जारी की नोटशीट जांच के आदेश

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के में राजस्व विभाग छुरा के एक पटवारी के कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।नकल और नक्शा काटने जैसे सामान्य सरकारी कार्य के एवज में एक पटवारी द्वारा हितग्राही से लंबी रकम और बीयर की मांग किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।पीड़ित द्वारा पटवारी के संग मोबाइल में किए बात का ऑडियो रिकार्डिंग और रिश्वत देते वीडियो के वायरल होने पर एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नोटशीट जारी कर जांच के आदेश दे दिए हैं,जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है।




मिली जानकारी के अनुसार,एक हितग्राही छुरा ब्लाक के ग्राम में अपने जमीन से संबंधित नकल और नक्शा निकलवाने के लिए संबंधित पटवारी हल्का नम्बर 28 के पास काफी चक्कर लगा चुका था।आरोप है कि पटवारी ने काम करने के एवज में पहले तो टालमटोल किया,फिर खुले तौर पर मोटी रकम की मांग कर दी,और ये मांगी गई रकम आर आई और तहसीलदार तक को देने की बात कही।इतना ही नहीं, आरोप है कि पटवारी ने पैसे के साथ-साथ बीयर की भी डिमांड रख दी।

वही पटवारी से परेशान हितग्राही ने पटवारी द्वारा पैसे की मांग का वाइस रिकार्डिंग किया साथ ही कार्य के बदले पैसा देने का मोबाइल पर वीडियो रिकार्डिंग कर इसे वायरल कर दिया।इन सबूतों के मिलते ही छुरा एस डी एम अर्चना खलको इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पटवारी छुरा ब्लाक के हल्का नम्बर 28 के पटवारी खेमचंद साहू के खिलाफ नोटशीट जारी कर दिए।

वही उक्त पटवारी की शिकायत करते हुए स्पष्ट रूप से बताया गया कि बिना सेटिंग के काम नहीं किया जा रहा और अवैध मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

**एसडीएम ने दिखाई सख्ती:** शिकायत मिलते ही एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नोटशीट जारी कर जांच के आदेश दे दिए हैं।सूत्रों के मुताबिक,संबंधित पटवारी से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है और पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं,तो संबंधित पटवारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है।

**राजस्व विभाग की छवि पर सवाल:** इस घटना ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।राज्य शासन द्वारा किसानो और ग्रामीण लोगो की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है,साथ ही जिला प्रशासन हर व्यक्ति तक पहुंचकर उनके समस्याओं का निदान कर रही है लेकिन एक पटवारी के मोनोपल्ली के चलते आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए भी चक्कर काटने पड़ते हैं और कई मामलों में रिश्वत की मांग आम बात बनती जा रही है।

इस प्रकार का कृत्य भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

पद का दुरुपयोग कर अवैध लाभ लेने का मामला

यदि आरोप सिद्ध होते हैं,तो आरोपी पटवारी को निलंबन के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है।

घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।लोगों का कहना है कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सरकारी व्यवस्था में भरोसा कायम रह सके।

इस विषय में छुरा एस डी एम अर्चना खलको से बात करने पर उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है ऐसे कृत्य बर्दाश्त नहीं है,अभी आरोपी पटवारी को नोटिस दिया जा रहा है,जांच के बाद कड़ी कार्यवाही किया जायेगा।

## एसएनसीयू बना नवजातों का सहारा, 780 ग्राम के बच्चे को मिला जीवनदान



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला अस्पताल द्वारा संचालित मातृ-शिशु अस्पताल में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल की जा रही है। यहां संचालित स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू ) नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे परिजनों को हायर सेंटर या निजी अस्पतालों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। अस्पताल में नवजातों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हाल ही में एक जटिल मामले में समय से पहले जन्मे मात्र 780 ग्राम वजन के शिशु को डॉक्टरों की सतत निगरानी और एसएनसीयू में विशेष देखभाल के जरिए जीवनदान मिला। करीब 68 दिनों तक उपचार के बाद शिशु का वजन बढ़कर 1 किलो 300 ग्राम हो गया।

## देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है जनगणना: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- मुख्यमंत्री ने जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर राज्य स्तरीय अभियान का किया शुभारंभ*

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान संचालित हो रहा है और छत्तीसगढ़ में भी आज से ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने



कहा कि इस बार जनगणना को आधुनिक और डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती है, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।

## एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- ख्याति चंद्राकर ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनाया कीर्तिमान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, गायत्री नगर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा ख्याति चंद्राकर ने 97.6% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा आद्या झा ने 96.4%, प्रत्युष सिन्हा ने 95.6%, पूर्वी मंडल ने 95.2%, आदित्य पिल्लई ने 94त्न, राजशिखर साहू ने 93%, वैभव उपरड़े ने 93.8%, रोहन यादव ने 92.8% तथा हरदीप कौर चावला ने 90.2% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में विद्यालय के कुल 149 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 109 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 36 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष, फादर जोस मैथ्यू तथा प्राचार्या, डॉ. लीना आर. जैकब ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## शिवम एजुकेशनल एकेडमी के दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम

**रायपुर( विश्व परिवार )।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी, इंद्रप्रस्थ,रायपुर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र नीरज वर्मा ने 97.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।

इसके साथ ही सृष्टि साहू, कनिष्ठ चंद्रिकापुरे, अवंतिका पटेल एवं अर्पित टेम्बरे ने भी 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तान्या तिवारी, शुभम नायक, रोशन सिंह सेंगर, रितेश मुंद्रा, तान्या साहू, मीत अम्बोले, खुशी टेम्बरे एवं शेखर रॉय ने 80त्न से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित



किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री विनोद कुमार पांडे जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

## कांग्रेस महिला आरक्षण का समर्थन करती है, मोदी सरकार परिसीमन को इससे अलग रखे: बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कांग्रेस शुरू से महिला आरक्षण बिल की समर्थक रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक 2010 में राज्यसभा में पारित कराया था। कांग्रेस ने 2023 में भी महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था, आज भी हम समर्थन में है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन में महिलाओं को धोखा दे रही है। आज जो परिस्थितियां है वह सही मायने में आरक्षण के लक्ष्य को पूरा नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है पहले जनगणना हो, फिर परिसीमन हो, उसके बाद महिला आरक्षण बिल पास हो ताकि देश के सभी राज्यों के छोटे-बड़े राज्यों सभी के साथ न्याय हो। लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या के आधार पर ही आरक्षण लागू किया जाना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लाने के लिये प्रधानमंत्री मोदी से बात किया था। कांग्रेस की सरकारों ने समय-समय पर इस हेतु प्रभावी कदम भी उठाया है। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया।

## सड़क सुरक्षा अभियान के साथ सामाजिक दायित्व निभा रहा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

**तरपोंगी के 42 विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मे वितरित**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India) के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर ने सामाजिक सरोकारों को सुदृढ़ करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तरपोंगी में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पावर युक्त चश्मों का वितरण किया। यह पहल सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत की गई, जिसका उद्देश्य केवल सुरक्षित यातायात ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करना है।

पूर्व में आयोजित नेत्र जांच शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 517 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई थी। जांच में 42 विद्यार्थियों की दृष्टि कमजोर पाई गई, जिन्हें उनकी आवश्यकता और निर्धारित पावर के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाले चश्मे प्रदान किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (National Highways Infrastructure Trust) के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का उद्देश्य केवल सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि उन सड़कों पर चलने वाली अगली पीढ़ी के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण भी है। उन्होंने कहा कि बेहतर दृष्टि से सुसज्जित ये विद्यार्थी जीवन के हर मार्ग पर आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम में प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## तेलीबांधा मरीन ड्राइव चौक को कराया गया अतिक्रमण मुक्त



**रायपुर( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता श्री नरेश साहू, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा तेलीबाँधा थाना पुलिस बल के सहयोग से नगर निगम जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत मरीन ड्राइव चौक को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर आमजनों को यातायात जाम की समस्या से त्वरित राहत अभियान चलाकर दिलवाई.

## स्वच्छता की अलख जगाने नपा अध्यक्ष चंद्रवंशी मैदान में उतरे

- स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा की संकल्प लेकर लोगों से मिले

**कवर्धा( विश्व परिवार )।** स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा की संकल्प को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी स्वयं मैदान में उतरकर वार्ड क्रमांक 01 (रामनगर) में डोर-टू-डोर स्वच्छता संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपनी पालिका टीम के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। इस दौरान लोगों से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने का अनुरोध किया गया। पालिका टीम द्वारा लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और सभी से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। इस पहल को लेकर



वार्डवासियों में भी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया ने बताया कि यह अभियान शहर के सभी वार्डों में लगातार चलाया जाएगा, ताकि स्वच्छ कवर्धा का सपना साकार हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, सभापति अजय ठाकुर, बिहारी राम धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी, पार्षद डोनेश ठाकुर, योगेश चन्द्रवंशी, सुनील साहू, संजीव कुर्रे, विधायक प्रतिनिधि गोलू यादव, स्वच्छता प्रभारी लियाकत अली, पीआईयू होमेश मानिकपुरी, राकेश ठाकुर सहित अधिक संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

## एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 02-02 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन

**रायपुर( विश्व परिवार )।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 02-02 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01127 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से दिनांक 24 अप्रैल एवं 01 मई 2026 को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01128 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल ट्रेन, सांतरागाछी से दिनाँक 25 अप्रैल एवं 02 मई 2026 को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 01127 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, एलटीटी से दिनांक 24 अप्रैल एवं 01



मई 2026 को 00.15 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये गोंदिया आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, दुर्ग आगमन 17.25 बजे, प्रस्थान 17.30 बजे, रायपुर आगमन 18.05 बजे, प्रस्थान 18.10 बजे, बिलासपुर आगमन 20.05 बजे, प्रस्थान 20.20 बजे होते हुये दूसरे दिन 07.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01128 सांतरागाछी-एलटीटी स्पेशल ट्रेन, सांतरागाछी से दिनाँक 25 अप्रैल एवं 02 मई 2026 को 15.00 बजे रवाना होगी तथा मार्ग के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन बिलासपुर आगमन 03.15 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे, रायपुर आगमन 05.10 बजे, प्रस्थान 05.15 बजे, दुर्ग आगमन 06.10 बजे, प्रस्थान 06.15 बजे, गोंदिया आगमन 08.28 बजे, प्रस्थान 08.30 बजे होते हुये तीसरे दिन 00.50 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 पावरकार, 01 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 03 स्लीपर, 09 एसी-III, 02 एसी-II सहित कुल 20 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, ईगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर तथा खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

## आंजनेय यूनिवर्सिटी में हुआ सरपंच सम्मान सम्मेलन का आयोजन

- आरंग, अभनपुर, धरसींवा एवं गरियाबंध जिले के 150 से अधिक सरपंच हुए शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आंजनेय यूनिवर्सिटी में सरपंच सम्मान सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया, जिसमें आरंग, अभनपुर, धरसींवा एवं गरियाबंध क्षेत्र से 150 से अधिक सरपंचों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह सम्मेलन ग्रामीण विकास और शिक्षा के सशक्तीकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों के बीच सार्थक संवाद हुआ।

माननीय चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और इसमें बेटियों की भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि




विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए न केवल उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं, बल्कि जागरूकता अभियान, छात्रवृत्ति योजनाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पहल भी की जा रही हैं, ताकि बेटियां आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। कुलपति डॉ टी रामाराव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल आधारित शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही समय की मांग है। विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। महानिदेशक डॉ बी सी जैन ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा के प्रथम नागरिक होने के नाते उनकी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा के अंधकार को दूर करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा और शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाना होगा, तभी वास्तविक विकास संभव हो सकेगा। डायरेक्टर डॉ जयेंद्र नारंग ने विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक और रोजगारपरक कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रबंधन, विज्ञान, कला, कंप्यूटर और कौशल विकास से जुड़े अनेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो विद्यार्थियों को उनके करियर के अनुरूप दिशा प्रदान करते हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहा है, जिससे वे उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी सरपंचों का सम्मान किया गया और उनसे अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने ग्रामों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## आधुनिक शिक्षकों के लिए व्यावहारिक एआई उपकरण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा 23 से 30 मार्च, 2026 तक आधुनिक शिक्षकों के लिए व्यावहारिक एआई उपकरण पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला में कुल 135 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिसमें शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम की मुख्य संसाधन व्यक्ति (Resource Person) सुश्री स्वीडल डी कोस्टा (शिक्षक, सामग्री रणनीतिकार और हैक द क्लासरूम की संस्थापक) थीं ? कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन एआई उपकरणों से लैस करना था ताकि शिक्षण-अधिगम पद्धति और अनुसंधान दक्षता को बढ़ाया जा सके। प्रतिभागियों को NotebookLM, Canva,




Gamma, Flippity और Classroom Screen जैसे आधुनिक एआई प्लेटफार्मों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

सत्रों में एआई-आधारित अनुसंधान सहायता, इंटरैक्टिव कक्षा उपकरण, स्लाइड स्वचालन और वर्कफ़्लो ऑटोमेशन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। राजकुमार कॉलेज, प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल पुणे, भारतमाता स्कूल, और दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की। यह कार्यक्रम कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रबंधन, उपकुलपति, रजिस्ट्रार और महानिदेशक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यशाला का समन्वय डॉ. हर्षा शर्मा ने किया ,जबकि डॉ. श्रद्धा वर्मा डीन शिक्षा संकाय के के अध्यक्षता में यह कार्यशाला आयोजित हुई।

समापन सत्र का समापन आयोजकोंए संसाधन व्यक्तियों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए समापन भाषणों के साथ हुआए जो इस ज्ञानवर्धक शैक्षणिक पहल के सफल समापन का प्रतीक है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक: **सी.ए.ओ./सी/बीएसपी/26-27-1, दिनांक : 07–04–2026** (खुली ई–निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)

कार्य : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर संभाग के अंतर्गत शहडोल यार्ड में पानी जमा होने से रोकने के लिये यार्ड नालियों और अन्य नालियों की व्यवस्था।

निविदा मूल्य: 222318069.37/–

अमानत राशि: ₹ 4446400.00/–,

निविदा कागजात का मूल्य: शून्य। कार्य पूर्णता की अवधि: 06 (छः) माह स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **निविदा बंद होने का** समय एवं दिनांक: 30–04–2026 को 15.00 बजे, निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांक: 30–04–2025 को 15.30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर पिन: 495004 अथवा उप मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर पिन : 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक /पश्चिम /निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/18

South East Central Railway @secrail

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

## आरंग की नन्हीं बिटिया गुंजन के प्रतिभा की गूंज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आरंग की कक्षा तीसरी की नन्हीं छात्रा कु. गुंजन यादव ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से एक नई पहचान बनाई है। पीएम श्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक शाला, आरंग की इस छात्रा की मौलिक कहानी देश की लोकप्रिय बाल पत्रिका 'चकमक' के नवीनतम अंक में प्रकाशित हुई है। गुंजन ने अपनी कल्पनाशक्ति और लेखन कौशल के दम पर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। विद्यालय में मिले प्रोत्साहन और निरंतर अभ्यास से उसकी लेखनी को नई दिशा मिली है।



# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध : सीएम साय

- छत्तीसगढ़ के 430 युवाओं को मिला शासकीय सेवा का अवसर, प्रयोगशाला परिचारकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में युवाओं के सशक्त भविष्य और पारदर्शी भर्ती व्यवस्था की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित गरिमामय समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत चयनित 430 प्रयोगशाला परिचारकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक सुधार किए गए हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन में शुचिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन किया गया है तथा मंत्रालय के कार्यों को ई-प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे भ्रष्टाचार के रास्तों को प्रभावी रूप से बंद किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने इस भर्ती प्रक्रिया को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक पहल है। मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि पदस्थापना प्रक्रिया में भी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए काउंसलिंग प्रणाली अपनाई गई। यह व्यवस्था सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह नई पीढ़ी छत्तीसगढ़ को प्रगति और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पारदर्शिता और न्याय सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व में हुए पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपकर सरकार ने यह संदेश दिया है कि पारदर्शिता और न्याय सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ ही भर्ती परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए कड़े कानूनी प्रावधान किए गए हैं, जिससे परीक्षाओं की विश्वसनीयता और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाने के लिए 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल' के गठन तथा एक निश्चित 'परीक्षा कैलेंडर' लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति के माध्यम से निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार सृजन को गति दी जा रही है, ताकि सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र भी युवाओं के लिए सशक्त विकल्प बन सके।

# वनांचल को मिलेगा स्थायी उजाला, बिजली अधिकारियों को कार्य योजना बनाने निर्देश

- सोलर के सहारे चल रहे गांवों में पहुंचेगी मुख्य विद्युत लाइन से बिजली



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश क्षेत्र के वनांचल के गांवों में जहां अब तक सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की व्यवस्था की गई थी, अब शीघ्र ही मुख्य बिजली लाइन (ग्रिड) से जोड़ा जाएगा। इससे इन गांवों को अस्थायी सोलर व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी और नियमित, स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसका जायजा लेने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिलासपुर के कोटा वनांचल क्षेत्र के चार गांवों का स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का आकलन किया तथा आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित बिजली अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के चलते कोटा वनांचल में स्थित सरगोड़, छुइहया, चिचवा डबरी एवं परसापानी गांवों में पहले सोलर प्लांट के जरिए बिजली पहुंचाई गई थी। किंतु अब बिजली विभाग ने इन गांवों को मुख्य ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने गांवों में पहुंचकर सर्वे एवं तकनीकी निरीक्षण किया। इस दौरान एमडी श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि सोलर व्यवस्था एक अस्थायी समाधान था, लेकिन अब इन गांवों को मुख्य बिजली लाइन से जोड़कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# आधी आबादी को उसका अधिकार देने से कांग्रेस को दिक्कत क्यों हो रही: भाजपा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. (श्रीमती) किरण बघेल ने नारी शक्ति वन्दन अधिनयम के विषय में कांग्रेस की टिप्पणी का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा नारी शक्ति वन्दन पर दिया गया बयान हास्यास्पद है। कांग्रेसी नेता कह रहे हैं कि भाजपा श्रेय की राजनीति कर रही है, जबकि भाजपा नारी शक्ति वन्दन अधिनयम के माध्यम से मातृ शक्ति को उनका अधिकार देने का कार्य किसी प्रकार का श्रेय लेने के लिए नहीं अपितु महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती बघेल ने कहा कि देश की आधी आबादी को निश्चित ही यह अधिकार मिलना चाहिए। जिसे दशकों तक सत्ता में स्थापित रहने वाली कांग्रेस पार्टी ने नहीं किया। जिस अधिनियम को दशकों पहले पारित हो जाना चाहिए था, वह लंबित रहा और आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने भारत की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की तो कांग्रेस के पेट में मरोड़ उठने लगा। श्रीमती बघेल ने कहा कि महिला होने के नाते मैं एक बात कांग्रेस पार्टी के नेताओं से कहना चाहती हूं कि महिलाओं को दशकों तक उनके अधिकार से वंचित रखने के बाद भी यदि कांग्रेसी नेता नारी शक्ति वन्दन अधिनयम के विषय में राजनीतिक टिप्पणी एवं विरोध कर रहे हैं, तो यह कांग्रेस की नाकामी का प्रमाण बनने के साथ साथ जगहँसाई का माध्यम भी बनेगा। देश की महिलाओं में नारी शक्ति वन्दन अधिनयम को लेकर उत्साह का माहौल है।

# जनगणना-2027 : कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भरा ऑनलाइन स्व गणना पत्रक

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 16 अप्रैल से स्व गणना शुरू हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज सुबह निर्धारित पोर्टल से अपना स्व गणना पत्रक ऑनलाइन भरा। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें।



आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े किसी योजना के हितग्राहियों की पात्रता के लिए नहीं बल्कि कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं। बताया गया कि शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आसान एवं सरल प्रक्रिया के तहत स्व गणना भरने की सहूलियत दी गई है। घर का मुखिया इस फार्म को भर सकते है। एक मोबाइल से केवल एक ही स्व गणना फार्म भरा जा सकता है। यह फॉर्म सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। इससे एक आई डी प्राप्त होगा जिसे प्रगणक के घर आने पर बताना होगा। यदि स्व गणना फॉर्म नहीं भर पाते तो 1 से 30 मई के बीच प्रगणक घर आकर जानकारी लेंगे। जिले में जनगणना के लिये 1996 प्रगणकों एवं 300 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है।

# रद्द की गई गाड़ियों का परिचालन शुरू

**रायपुर( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा सेक्शन बीच किमी 755/08-10 × 07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण में रिलीविंग गर्डरों के लॉन्चिग हेतु ट्रैफिक-सह पावर ब्लॉक लिया जा रहा है । इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन रेड रहने की सूचना दी गई थी उसे ब्लॉक को रिस्टोर कर लिया गया है इसलिए यह गाड़ियां पूर्व निर्धारित समय अनुसार संचालित होगी।



जिसकी जानकारी इस प्रकार है। ब्लॉक के कारण रद्द / शॉर्ट टर्मिनेट गाड़ियां अब पुनः संचालित होगी* - दिनांक 17 एवं 19 अप्रैल 2026 को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर। दिनांक 17 एवं 19 अप्रैल 2026 को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर ।दिनांक 17 एवं 19 अप्रैल 2026 को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर- गेवरा रोड मेमू पैसेंजर । दिनांक 17 एवं 19 अप्रैल 2026 को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर। दिनांक 17 एवं 19 अप्रैल 2026 को गाड़ी संख्या 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर।

# झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 6 सदस्यीय टीम छग पहुंची



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने आज रांची से पहुंची झारखंड राज्य आवास बोर्ड की एक उच्चस्तरीय 06 सदस्यीय अध्ययन दल को अपनी योजनाओं, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। झारखंड राज्य आवास बोर्ड की 06 सदस्यीय टीम 15 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ में आवासीय योजनाओं, नियमों एवं नवाचार के अध्ययन हेतु प्रवास पर है। इस दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अधिकारियों द्वारा राज्य की आवासीय योजनाओं, संपत्ति प्रबंधन, मार्केटिंग, विक्रय प्रणाली एवं आई.टी. आधारित प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई। अपर आयुक्त श्री हर्ष कुमार जोशी द्वारा तकनीकी विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य संपदा अधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह ने संपत्ति प्रबंधन, मार्केटिंग, सेल्स एवं आईटी सिस्टम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियॉ विस्तार से साझा की।

# बैज व महंत सहित जांच दल वेदांता पावर प्रभावितों से मिले



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अगुवाई में सक्ती के वेदांता पावर प्लांट गया तथा दुर्घटना स्थल एवं प्रभावितों से मुलाकात किया। उनके साथ वेदांता पावर दुर्घटना के लिए बनाई गई कांग्रेस की जांच समिति के संयोजक जयसिंह अग्रवाल एवं सदस्यगण पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, विधायक रामकुमार यादव, उत्तरी जांगड़े, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, राघवेन्द्र सिंह, व्यास कश्यप, शेषराज हरवंश, जिला अध्यक्ष रश्मि गबेल, राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही औद्योगिक दुर्घटनाएं चिंता का विषय है। यह सुरक्षा मानकों के प्रति बरती जा रही घोर लापरवाही है। ऐसी घटना केवल दुर्घटना नहीं हत्या है, सदोष मानव वध है। राज्य में पिछले ढाई सालों में औद्योगिक दुर्घटना में लगभग 300 श्रमिकों की जानें गयी है।

# वेदांता प्लांट हादसा: मंत्री लखन देवांगन ने घायलों का जाना हालचाल

- बेहतर उपचार के दिए निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री लखन देवांगन ने आज गुरुवार को रायगढ़ के शासकीय एवं निजी अस्पतालों का दौरा कर सिंघीतराई वेदांता प्लांट हादसे में घायल श्रमिकों का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आईसीयू व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती एवं मरीजों की देखभाल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सकों की टीम से उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि सभी घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी भी ली।

उल्लेखनीय है कि सक्ति जिले के ग्राम सिंघीतराई स्थित प्लांट में 14 अप्रैल को बॉयलर फटने से हादसा हुआ, जिसमें कई श्रमिक प्रभावित हुए। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया। घायलों को प्राथमिकता के साथ रायगढ़ के फोर्टिस हॉस्पिटल, मेट्रो, मेडिकल कॉलेज एवं अपेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु रायपुर के कालड़ा अस्पताल रेफर किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय घटना के बाद से लगातार सक्ति कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के संपर्क में हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल भी स्थिति की सतत समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।



### 16 घायलों का उपचार जारी

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के अनुसार इस हादसे में कुल 36 श्रमिक प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 20 की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 16 घायल हैं और उनका उपचार जारी है। मुख्यमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की गई है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता स्वीकृत की गई है।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354